53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 16.6°c अधिकतम 29.9 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:28, सूर्यास्त - 5:36 वर्ष : 53/अंक : 297 मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025 कार्तिक, शुक्ल पक्ष, षष्ठी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

क्रोधित रहना ऐसा है, जैसे किसी और को मारने के लिए खुद जहर पीना।

प्रियांक खड़गे प्रथम श्रेणी के मूर्ख हैं, उन्होंने असमिया युवाओं का अपमान किया है : हिमंत बिस्वा सरमा

यह बात उनके पिता मल्लिकार्जुन खड़गे को बुरी लग गयी तो...

# दिल्ली को पछाड़ रेड जोन में पहुंचा जिले का प्रदूषण

## ▶▶ एक्यूआई 313, ग्रैप-2 लागू होने के बावजूद इसके नियमों पर कोई अमल नहीं ▶▶ हवा में पीएम 2.5 बढ़ने आंखों में जलन, सांसों में घुटन और चर्म रोग बढ़े

**मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर (बु.)।** कुछ सुधरने के बाद आज फिर प्रदूषण के मामले में शहर ने रफ्तार पकड़ी और दिल्ली को पीछे छोड़कर रेड जोन में आ गया। हालांकि वेस्ट यूपी में नोएडा टॉप पर रहा। नगर में आज एक्यूआई 313 पर पहुंच गया। इसके चलते जिलाधिकारी ने ग्रेप-2 के प्रावधानों को सख्ती से लागू करने के आदेश दिए हैं। प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने भी कारखानों पर सघन जांच अभियान चलाने का दावा किया है। इसके बावजूद जिले में कहीं भी ग्रेप-2 के नियमों का पालन होता नजर नहीं आ रहा है। ना निर्माण कार्य रुके हैं और ना ही धूल धक्कड़ को रोकने की कोई व्यवस्था है। यही कारण है कि थोड़ा सुधरने के बाद प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा और आज हवा की सेहत बिगड़ कर रेड लेवल पर पहुंच गई। इसके चलते एक बार फिर सांसों पर संकट मंडराता दिखा और आंखों में जलन और श्वास लेने में समस्या पैदा होने लगी।

नगर में आज प्रदूषण के हालात बिगड़ गए। दिवाली से भी आगे बढ़कर आज प्रदूषण ने दिल्ली को भी पीछे छोड़ दिया और एक्यूआई तीन सौ पार करके 313 पर पहुंच गया। इसके साथ ही आज फिर हवा बेहद प्रदूषित हो गई और सांस लेने में दिक्कत व आंखों की जलन की समस्या का लोगों को सामना करना पड़ा। हवा में पीएम 2.5 बढ़ने के कारण प्रदूषण की स्थिति

बिगड़ी है। प्रदूषण नियंत्रण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी जितेश चंद्रा ने कहा कि जिले में ग्रैप-2 के प्रावधान पहले से लागू हैं और इसके साथ ही जिलाधिकारी उमेश चंद्रा ने पीडब्ल्यूडी, सभी नगर निकायों के ईओ व दूसरी निर्माण एजेंसियों को उक्त प्रावधान सख्ती से लागू करने और प्रदूषण पर विशेष ध्यान देने के आदेश दिए हैं। उन्होंने दावा किया कि विभाग भी प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए फैक्ट्रियों, कोल्हुओं और ईंट भट्टे आदि स्थानों पर सख्ती से कार्रवाई कर रहा है। प्रदूषण नियंत्रण विभाग दावे चाहे जो करे, लेकिन जिले में प्रदूषण से लोगों को राहत दिलाने के लिए ग्रैप-2 के प्रावधानों को लागू करने के लिए कुछ किया जाता नजर नहीं आ रहा है। एक सप्ताह पूर्व विभाग ने कुछ कोल्हुओं पर जरूर कार्रवाई की थी, लेकिन अन्य विभाग इन प्रावधानों पर अमल करते नजर नहीं आ रहे हैं। यही वजह है कि दो दिन पूर्व तक शहर में जो एक्यूआई ऑरेंज जोन में था, वह आज रेड जोन में पहुंच गया। दिवाली बीते एक सप्ताह हो चुका है और इस बीच जिले की हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई। इसके चलते जिले का एक्यूआई 300 से ज्यादा पर चल रहा है। आने वाले दिनों में भी प्रदूषण का स्तर कम होने की उम्मीद नहीं है। शहर में आंखों में जलन व चर्म रोगों के मरीज बढ़ रहे हैं। अस्पतालों में

### एक्यूआई का प्रभाव

- 50 कोई नुकसान नहीं
- 51-100 सामान्य बीमारी से ग्रसित लोगों के लिए थोड़ा नुकसानदायक
- 101-200 सांस के रोगियों के लिए नुकसानदायक
- 201-300 लोगों को सांस लेने में परेशानी
- 301-400 आंखों में जलन व सांस लेने की परेशानी

### ग्रैप-2 में यह होना चाहिए

- सभी प्रकार के निर्माण कार्यों पर रोक।
- अस्पताल, रेल सेवा को छोड़कर अन्य जगहों पर डीजल जनरेटर पर प्रतिबंध।
- कोयला और लकड़ी जलाने पर रोक रहेगी।
- फैक्ट्रियों में केवल उचित ईंधन का इस्तेमाल किया जाएगा।
- रोजाना सड़कों की साफ-सफाई और पानी का छिड़काव करना होगा।

### एक नवंबर से दिल्ली में ऐसी गाड़ियों को नहीं मिलेगी एंट्री

**नई दिल्ली , 27 अक्टूबर (एजेंसी)।** दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण के लिए 1 नवंबर से कुछ वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। नियमों का पालन कराने के लिए 48 टीमें बनाई गई हैं, जो उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाएंगी। सरकार ने जनता से सहयोग करने की अपील की है ताकि प्रदूषण को कम किया जा सके। पुराने वाहनों पर प्रतिबंध लगाया गया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के आदेश पर अमल करते हुए परिवहन विभाग ने साफ किया है कि सभी बीएस-छह वाणिज्यिक माल वाहनों को 31-अक्टूबर 2026 तक की अवधि के लिए दिल्ली में प्रवेश की अनुमति है, इन पर प्रतिबंध नहीं है। मगर इसके बाद ये भी प्रतिबंधित होंगे।

## बादलों की आमद के साथ शाम हुई और सर्द

### पश्चिम विक्षोभ के साथ चक्रवात का कॉकटेल बिगाड़ेगा मौसम

मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर (बु.)। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आज आसमान पर बादल तो आ गए, लेकिन बारिश नहीं हुई। हालांकि बादलों की मौजूदगी के चलते दोपहर बाद धूप गायब रही और शाम के समय हवाओं में ठंडक का अहसास भर गया। मौसम विभाग का कहना है कि वेस्टर्न डिस्टर्बेंस और चक्रवात के चलते आने वाले दिनों में मौसम और बिगड़ेगा तथा इससे तापमान में और कमी दर्ज की जाएगी। नगर में आज तापमान अधिकतम 29.9 और न्यूनतम 16.6 डिग्री सेल्सियस तक आ गया। अक्टूबर के अंतिम दौर की ओर बढ़ते मौसम में बदलाव आ रहा है। इसके चलते पहली बार आज नगर में तापमान 30 डिग्री से नीचे आ गया। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते आज दोपहर बाद से आसमान पर बादलों की आमद नजर आई और इससे जल्द बारिश के भी संकेत नजर आए। आज बादलों की मौजूदगी का असर यह रहा कि धूप गायब रही और शाम भी जल्द घिर आई। अभी मौसम के इस बदलाव का कारण पश्चिमी विक्षोभ है। इसका असर उत्तर भारत के मैदानों से लेकर पर्वतीय क्षेत्रों भी नजर आ रहा है। इसके साथ ही प्रदेश में मोंथा चक्रवात भी अपना असर दिखाने लगा है। इसके चलते पूर्वांचल के कई जिलों में बारिश हुई।

आज यह चक्रवात तट से टकराया है। ऐसे में आने वाले दिनों में इसका असर पूर्वांचल के साथ पश्चिम उत्तर प्रदेश तक भी पहुंचने की संभावना है। प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में बादलों की आवाजाही, पारे में गिरावट और बुंदेलखंड के झांसी, ललितपुर आदि में बूंदाबांदी देखने को मिली। चक्रवात मोंथा के असर के बीच मौसम विभाग का कहना है कि अरब सागर से आ रही नमी और बंगाल की खाड़ी में बन रहे वेदर सिस्टम के चलते बादलों की सक्रियता बढ़ी है। इसके असर से अगले दो दिनों मेंअधिकतम तापमान में 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट देखने को मिलेगी। ऐसे में मौसम में आने वाले दिनों में कहीं हल्की से तेज बारिश के साथ पहाड़ों पर बर्फबारी भी शुरू होगी।

### छठ पूजा के अवकाश को लेकर रहा असमंजस

**मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर (बु.)।** जिले में छठ पूजा के अवकाश को लेकर आज असमंजस की स्थिति बनी रही। आसपास के जिलों में छठ के अवकाश की खबर पर आज जिले में भी स्कूल संचालक और अभिभावक छुट्टी को लेकर जानकारी के लिए परेशान रहे। इस दौरान सोशल मीडिया पर अवकाश की सूचना के चलते संशय बढ़ा, हालांकि जिला विद्यालय निरीक्षक ने कोई अवकाश होने से इंकार किया।

### मेरठ रोड स्थित बरनाला स्टील पर सीजीएसटी टीम का छापा

**मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर (बु.)।** मेरठ रोड स्थित बरनाला स्टील पर आज केंद्रीय जीएसटी टीम ने छापे की कार्रवाई की। हालांकि इस दौरान हुई कार्रवाई को लेकर विभाग की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई। आज सुबह सीजीएसटी की टीम ने बरनाला स्टील पर छापे की कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने वहां क्या जांच की और इसमें क्या मिला, इसके बारे में अधिकारिक जानकारी नहीं मिल सकी। स्थानीय जीएसटी अधिकारी कोई जानकारी होने से इंकार करते रहे।

## वारंटी की गिरफ्तारी के दौरान पुलिस पर हमला और पथराव, मुकदमा हुआ दर्ज

### दो दारोगा सहित महिला कांस्टेबल घायल, आरोपी पिता पुत्री गिरफ्तार

**भोपा, 27 अक्टूबर (बु.)।** ककरौली थाना क्षेत्र के गांव जड़वड़ में सोमवार सुबह पुलिस की एक टीम एक वारंटी ओमप्रकाश को गिरफ्तार करने उसके आवास पर गई थी। आरोपी ओमप्रकाश के खिलाफ वर्षों पुराने एक मारपीट के मामले में वारंट जारी हुआ था। जानकारी के अनुसार जैसे ही पुलिस ने आरोपी ओमप्रकाश को गिरफ्तार करना चाहा, तो उसकी पत्नी बबली और बेटियों बॉबी और मानसी ने पुलिस टीम का जोरदार विरोध किया और टीम के साथ अभद्र व्यवहार किया। यह विरोध जल्दी ही हिंसक झड़प में बदल गया, जिसमें पुलिस टीम के साथ जमकर धक्का-मुक्की और हाथापाई हुई और उसके बाद आरोपियों ने पुलिस पर पथराव करते हुए आरोपी ओमप्रकाश को मौके से भगा दिया। इस दौरान शोर-शराबे की आवाज सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिस ने स्थिति को संयम से संभाला और आखिरकार ओमप्रकाश और उसकी बेटी मानसी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। हमले की इस घटना में उपनिरीक्षक दिनेश सिंह और मनोज कुमार व महिला हैड कांस्टेबल अनीता सिद्धू घायल हो गए, जिसके बाद सभी घायल पुलिसकर्मियों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है। इस मामले में पुलिस ने ओमप्रकाश, उसकी पत्नी बबली, पुत्री मानसी और बॉबी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए मौके से गिरफ्तार ओमप्रकाश और मानसी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इलाके में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस ने पर्याप्त बल तैनात किया है। इस घटना ने एक बार फिर कानून-व्यवस्था की चुनौतियों को रेखांकित किया है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और कानून के शासन में सहयोग देने की अपील की है।

### जेल बदली तो लगा एनकाउंटर हो जाएगा, आजम खान का बड़ा बयान

**रामपुर, 27 अक्तूबर (एजेंसी)।** सपा नेता आजम खान को जेल बदले जाने के दौरान एनकाउंटर का डर सता रहा था। इसका खुलासा उन्होंने खुद किया। कहा- एक रात करीब साढ़े तीन बजे उन्हें सोते से उठाया गया। उन्हें और उनके बेटे अब्दुल्ला के लिए जेल के बाहर अलग-अलग गाड़ियां लाई गईं। मैं जेल में सुनता था कि बाहर एनकाउंटर हो रहे हैं। मैंने अब्दुल्ला को गले लगाया। कहा- बेटे, जिंदगी रही तो मिलेंगे, नहीं रही तो ऊपर मिलेंगे। मुझे यकीन नहीं था कि हम दोबारा मिल पाएंगे। दरअसल, अक्टूबर 2023 में आजम और उनके बेटे की अचानक जेल बदल दी गई थी। रामपुर से आजम को सीतापुर और अब्दुल्ला को हरदोई जेल भेजा गया था। आजम ने कहा- जेल असल में फांसीघर जैसी थी। मैं 23 महीने बेटे अब्दुल्ला के साथ एक कोठरी में रहा। वहां खिड़की तक नहीं थी।

## मांगेराम त्यागी के खिलाफ रंगदारी व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर (बु.)।** छपार टोल प्लाजा पर डिप्टी मैनेजर की हत्या के बाद शुरू हुआ पंगा अभी थमा नहीं है। प्लाजा के ठेकेदार पूर्व प्रमुख बुढ़ाना ने त्यागी भूमिहार समाज के नेता मांगे राम त्यागी समेत तीन लोगों पर एक लाख रुपये प्रतिमाह रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराकर मामले को पेचीदा बना दिया।

गत माह19 सितंबर को मामूली कहासुनी के बाद टोल कर्मियों शिव और शुभम ने अपने साथियों के साथ मिलकर डिप्टी मैनेजर विनोद पांडेय का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद मांगेराम त्यागी के नेतृत्व में कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर टोल पर हड़ताल शुरू कर दी थी। बाद में इसे लेकर जातीय पंचायतों और विवाद बढ़ने के बाद पूर्व प्रमुख विनोद मलिक से टोल प्लाजा का कांट्रेक्ट वापस लिए जाने की भी खबर आई थी। कुछ दिन हंगामों के बाद मामला शांत हो गया था। अब छपार टोल प्लाजा मामले में पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने मांगेराम त्यागी के खिलाफ छपार थाने में रंगदारी का मुकदमा दर्ज कराया है। इस में प्रतिमाह एक लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया गया है। विनोद मलिक ने शिकायत में कहा है कि 19 सितंबर को टोल प्लाजा छपार के सीनियर मैनेजर को गंभीर चोटें व डिप्टी मैनेजर की अपहरण कर निर्मम हत्या कर दी गयी थी। इस घटना को लेकर 20 सितंबर को समय सुबह 09.00 बजे सुनील उर्फ मांगेराम त्यागी पुत्र हरिशंकर निवासी गांव कुतुबपुर व परविंदर पुत्र राजकुमार गांव विजोबरा व दीपक पुत्र वेद सिंह गांव बिजोपुरा ने टोल प्लाजा कर्मचारियों को उकसाकर टोल राजस्व वसूली बंद करवा दी। इसकी सूचना मिलते ही वह अपने साथियों सहित मौके पर पहुंचे व प्रशासनिक अधिकारी भी वार्ता के लिए आए। वार्ता के दौरान टोल प्लाजा सुचारू करने पर सहमति बन गई। उसी समय करीब 11.00 बजे सुनील उर्फ मांगेराम त्यागी ने अपने हिस्ट्री शीटर साथियों सहित मौके पर जाकर टोल राजस्व वसूली नहीं होने दी और गाली गलोच करते हुए व उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए उनपर अनैतिक कार्य करने का दबाव बनाया और कहा टोल

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर

### मांगे राम त्यागी किसी से डरता नहीं है

**मुजफ्फरनगर।** मामले को लेकर मांगे राम त्यागी ने कहा कि वह मुकदमों से डरने वाले नहीं हैं। ब्राह्मण समाज के व्यक्ति की हत्या की गई। उसकी लड़ाई वे लड़ेंगे। गरीबों की लड़ाई लड़ने पर मुकदमे से वह घबराते नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हम आवाज उठाते हैं तो हमे दलाल बताया गया। उनका कहना है कि विनोद मलिक मेरा टोल और मेरा कर्मचारी की बात कह रहे हैं। टोल तो एनएचएआई का है। उन्होंने कहा कि वे अकेले नहीं पूरे समाज के साथ एसएसपी कार्यालय पर पहुंच कर गिरफ्तारी देंगे। पुलिस उन्हें गिरफ्तार करे।

## छठ के तीसरे दिन भगवान भास्कर और छठी मैया को अर्घ्य दिया

मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर (बु.)। लोक आस्था के महापर्व चार दिनों से एटूजेड रोड बजरंगी बिहार में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, जिसमें सभी पूर्वांचल और बिहार प्रान्त के सभी निवासियों ने मिल-जुल कर इस त्योहार के तीसरे दिन भगवान भास्कर और छठी मैया को अर्घ्य दिया। सभी व्रतियों ने मिट्टी के बने चूल्हे पर देशी घी, गुड़ और आटे से बने ठेकुआ का प्रसाद तैयार कर और बांस के बने सुप में केले, सेब, संतरा, अनार, सुपारी, शरीफा, गागल आदि फलों को सजाकर छठी मैया के घाट पर आकर छठी मैया के पारम्परिक गीतों को गाकर छठी मैया से अपने पुत्रों की दीघार्यु और घर-परिवार में सुख-शान्ति व समृद्धि की कामना कि। परिवार की सुख-शांति और संतान की लंबी उम्र के लिए महिलाएं छठी माई की पूजा कर रही हैं। छठ के दूसरे दिन महिलाएं उपवास रखती हैं, जिसे खरना कहा जाता है। शाम के समय सूर्य देव को अर्घ्य देकर पूजा की गई। प्रसाद में गुड़ की खीर, रोटी ठेकुआ और फल शामिल किए गए। इस मौके पर छोटू लाल गुप्ता, वीरेंद्र यादव, शिव कुमार यादव, सचिन गुप्ता, राजन गुप्ता, संजय गुप्ता और सुनील यादव मौजूद रहे।







# चैंपियन ऑफ चैंपियंस ट्रॉफी पर किया नई मंडी सेंटर ने कब्जा

- सिप अबेकस की रीजनल प्रोडिजी प्रतियोगिता में दिखाई दिया बच्चों में जज्बा - 11 मिनट में 320 प्रश्नों के उत्तर देकर दिखाया बच्चों ने जोश
- सरकुलर रोड सुपर स्टार सेंटर, प्रेमपुरी केंद्र को स्टार और शास्त्री नगर मेरठ राइजिंग स्टार केंद्र की ट्रॉफी से सम्मानित

मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर (बु.)। सिप अबेकस की 9वीं रीजनल प्रोडिजी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन मुजफ्फरनगर में उत्साह एवं भव्यता के साथ किया गया। इस दौरान 800 से अधिक प्रतिभाशाली बच्चों ने भाग लिया। वहीं 1500 से ज्यादा अभिभावक इस महान आयोजन के साक्षी बने। प्रतियोगिता में बच्चों को 320 प्रश्न मात्र 11 मिनट में हल करने थे, जिसमें बच्चों की अद्भुत गति, एकाग्रता व मानसिक गणना कौशल देखकर अतिथि मंत्रमुग्ध रह गए। सिपअबेकस के आयोजन में नई मंडी सेंटर ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए चैंपियन ऑफ चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की। नई मंडी सेंटर के 10 बच्चों ने चैंपियन, जिसमें अरिन मित्तल (जीएमसी) हृदय कुच्छल (जीएमबी), लेवल-7 में नव्या गोयल, लेवल-5 में भवी गर्ग, लेवल-4 ए में वंश जैन, लेवल-3 में मोक्षी जैन, लेवल- 2 में वस्तिका, लेवल-2 में वाची, लेवल-1 में शौरवी, लेवल 1 में आरोही कंसल ने पुरस्कार प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त 30 बच्चों ने सुपर स्टार, 40 ने स्टार और 75 बच्चों ने परफॉर्मेंस अवॉर्ड प्राप्त करते हुए प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकुलर रोड को सुपर स्टार सेंटर, प्रेमपुरी केंद्र को स्टार और शास्त्री नगर मेरठ सेंटर को राइजिंग स्टार केंद्र की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, श्री राम ग्रुप कॉलेज के चेयरमैन डॉ. एससी. कुलश्रेष्ठ, नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, एमजी पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष सतीश गोयल, संजीव जैन, पूर्व चेयरमैन अंजू अग्रवाल, दून वैली स्कूल एवं श्री चैतन्य स्कूल डायरेक्टर अनुराग सिंघल रहे। इसके अलावा प्रिंसिपल जीडी गोयनका स्वाति, डायरेक्टर शारदेन स्कूल विश्व रतन, भाजपा नेता कुश पुरी, अरुण खंडेलवाल, निशांक जैन, अमित पटपटिया, ममता अग्रवाल, चारू भारद्वाज (माउंट लिटरा डायरेक्टर ) सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। इस दौरान सिप अबैकस अकादमी के इंटरनेशनल हेड शहजाद खां, न्यू सेंटर एक्विजिशन हेड संदीप बाली, रीजनल हेड मुकेश पिलख्वाल, स्टेट हेड राजेश चड्ढा, एरिया हेड बप्पा आदित्य, और एसोसिएट एरिया हेड एनसीआर संदीप सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में अजय अग्रवाल ने अतिथियों का सम्मान किया। नई मंडी सेंटर की डायरेक्टर रीना अग्रवाल ने बताया कि यह प्रतियोगिता हर वर्ष आयोजित की जाती है। उन्होंने कहा कि बीते 19 वर्षों से सिप अबेकस नई मंडी सेंटर बच्चों की मानसिक क्षमता को निखारते हुए राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत पहचान बना चुका है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिजया दास, पारुल सिंह, गुंजन भार्गव, मोनिका अग्रवाल, चेरी गर्ग, पूजा शर्मा, अमृता महेश्वरी, रुचि अग्रवाल, यशिका, वैष्णवी एवं दीपिका का विशेष योगदान रहा।





### बच्चों को संस्कार व संसाधन देने के साथ नजर रखे जाने की जरुरतः अंकुर दुआ

मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर (बु.)। सिप अबेकस की 9वीं रीजनल प्रोडिजी प्रतियोगिता के भव्य आयोजन में बतौर अतिथि के रूप में मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने कहा कि वास्तव में सिप अबेकस बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के साथ सफल कैरियर के निर्माण के लिए एक अत्यंत योग्य कार्यक्रम है, जो बच्चों में ध्यान, गति और आत्म विश्वास का विकास करता है। उन्होंने उच्च शिक्षा की ओर बढ़ते बच्चों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए हर संभव प्रयास किए जाने के जज्बे के साथ अपने अभिभावकों के सपनों को साकार करने के लिए भी प्रेरित किया। वहीं यहां मौजूद अभिभावकों को अपने बच्चों को संस्कार देने के साथ उन्हें जरुरी संसाधन उपलब्ध कराने के साथ उन पर नजर रखे जाने की जरुरत पर बल दिया।

# अभियुक्त की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अफसरों से गुहार




मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर (बु.)। ककरौली थाना क्षेत्र के ग्राम खेड़ी फिरोजाबाद के दर्जनों ग्रामीणों ने एसएसपी कार्यालय पहुंच अपने पुत्र को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले शख्स की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार की सुरक्षा एवं न्याय दिलाए जाने की मांग की। एसएसपी कार्यालय पर पहुंचे ग्रामीणों ने अधिकारियों से गुहार लगाई कि अभियुक्त परिवार पर फैसला कराने के दबाव के साथ गवाहों को डराने धमकाने का काम कर रहा है, जिससे परिवार में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। ककरौली थाना क्षेत्र के ग्राम खेड़ी फिरोजाबाद के मनीराम ने दर्जनों ग्रामीणों के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंच अपने पुत्र मुकुल को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले शख्स की गिरफ्तारी किए जाने की मांग की। एसएसपी कार्यालय पहुंचे पीड़ित परिवार ने अधिकारियों को बताया कि मुकुल को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाला मोहित परिवार पर फैसला करने के दबाव के साथ गवाहों को डराने-धमकाने का काम कर रहा है। ग्रामीणों ने इस मामले में ककरौली पुलिस से अभियुक्त की गिरफ्तारी किए जाने की मांग की। इस दौरान सेवाराम, धनीराम, प्रवेश, संजू, रवि, राजेन्द्र, सागर, टीनू, सुमन, सेवावती, पूनम, ललिता, बबीता आदि मौजूद रही।

# रन फॉर यूनिटी में दौड़ेंगे 31 को युवाओं के साथ आमजन

### सरदार पटेल जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर मंथन






मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर (बु.)। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयंती समारोह की तैयारियों के साथ ही इस दौरान होने वाले कार्यक्रमों को लेकर राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सोमवार को स्कूल-कॉलेजों के प्रबंधकों के साथ में बैठक की। इस दौरान उन्होंने इस कड़ी में होने वाले कार्यक्रमों से जुड़ने के लिए जनपद के हर शख्स से आह्वान किया। जिला पंचायत के चौ. चरण सिंह सभागार में संपन्न हुई बैठक में नगर के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों, प्रबंधकों के साथ सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि इस दौरान मौजूद रहे। जिला पंचायत सभागार में संपन्न बैठक में मंत्री कपिल देव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 31 अक्टूबर को देशभर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में सरदार पटेल की जयंती को भव्य रूप से मनाया जाएगा। यह आयोजन भारत की एकता, अखंडता व राष्ट्र निष्ठा का जीवंत प्रतीक बनेगा। नगर विधायक एवं प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री कपिल देव ने सभी शिक्षण संस्थानों से इस ऐतिहासिक अवसर पर बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया, ताकि युवा पीढ़ी सरदार पटेल जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान और उनके एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संदेश को आत्मसात कर सके। मंत्री कपिल देव ने बताया कि इस दौरान विधानसभा क्षेत्र में 31 अक्टूबर रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) का आयोजन प्रातः 7 बजे टाउनहॉल मैदान से होगा। उन्होंने कहा कि एकता दौड़ में स्कूल-कॉलेजों के साथ ही सामाजिक संगठनों, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की सहभागिता तय की जाएगी। यह दौड़ न केवल एकता का संदेश देगी बल्कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की अद्वितीय राष्ट्र सेवा, दृढ़ नेतृत्व व अखंड भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का भी सशक्त माध्यम बनेगी। इस दौरान संजय गर्ग, बिजेंद्र पाल, कार्यक्रम लोकसभा सहसंयोजक आशुतोष शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 126500 | चांदी- | 154000 |
| सिक्का- | 1700 | गिन्नी- | 93895 |

### आपका आज का राशिफल

मंगलवार, 28 अक्टूबर, 2025

**मेष-** ग्रहयोग बेहतर, आथ्रक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, मंगल आयोजन सम्पादित परिवार में उल्लास का वातावरण।
**वृषभ-** दिनचर्या व्यवस्थित, आपसी गलतफहमी दूर, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, कार्य क्षमता में वृद्धि, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, परिवर्तन का कार्यक्रम।
**मिथुन-** वैचारिक अस्थिरता, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, दूसरों की सलाह अमान्य, दाम्पत्य जीवन असंतोषजनक, सुख-सुविधा का अभाव।
**कर्क-** लाभ का सुअवसर, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, आपके स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, मनो-विनोद के साधन सुलभ, उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास।
**सिंह-** कार्यसिद्धि का प्रयास सार्थक, कठिनाइयों का समापन, पठन-पाठन में अभिरुचि, परिवार में सुख-शांति का मार्ग प्रशस्त, किसी नवीन योजना की शुरूआत।
**कन्या-** नव उत्तरदायित्व की पूर्ति, आर्थिक पक्ष से सफलता, शत्रु परास्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, सुख के साधन उपलब्ध, आत्मिक शांति की अनुभूति, यात्रा भी।
**तुला-** आत्मविश्वास में कमी, व्यावसायिक असफलता, परिवार आपसी कलह, स्वजनों से अनबन, धन की क्षति, उत्तरदायित्व की पूर्ति में अड़चने, यात्रा में परेशानी सम्भव।
**वृश्चिक-** दिन बेहतर, उलझनों में कमी, नौकरी में पदोन्नति, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, मान-सम्मान में वृद्धि, नवसम्पर्क लाभ, खुशी।
**धनु-** निराशा का समापन, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, सुख के साधन सुलभ, धार्मिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, दूसरों के आश्वासनों से राहत, नव समाचार की प्राप्ति।
**मकर-** अभीष्ट कार्यों में सफलता का सुयोग, पारिवारिक हर्षोल्लास का वातावरण, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, इच्छा शक्ति जागृत, विवाद का समापन, खुशी भी।
**कुम्भ-** प्रियजनों-मित्रों से अनबन, वैवाहिक जीवन में आपसी मतभेद, व्यक्तिगत समस्याएं, ताल-मेल का अभाव, सुख के साधन में कमी, पठन-पाठन में अरुचि।
**मीन-** व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, परिजनों से अपेक्षित सहयोग, आपसी सौहार्द, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, शत्रु परास्त, प्रसन्नता भी।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# कार्तिक गंगा स्नान मेले की तैयारियों का कमिश्नर व डीआईजी ने लिया जायजा

- दो नवम्बर को गंगा घाट पर होगा लेजर लाईट शो व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन - शुकतीर्थ में एक नवम्बर से छह नवम्बर तक आयोजित होगा गंगा स्नान मेला





भोपा, 27 अक्टूबर (बु.)। शुकतीर्थ में लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सोमवार को मेले की तैयारियों को लेकर कमिश्नर, डीआईजी, डीएम व एसएसपी ने दो नवम्बर को गंगा घाट पर होने वाले विशेष लेजर लाईट-शो व सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर विस्तृत जानकारी कर सम्बंधित अधिकारी, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तीर्थनगरी शुकतीर्थ में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले गंगा स्नान मेले को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। सोमवार को सहारनपुर कमिश्नर अटल कुमार राय धर्मनगरी शुकतीर्थ गंगा घाट पहुंचे, जहां पर उन्होंने दो नवम्बर को होने वाले लेजर लाईट शो व सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया तथा अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग व श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था आदि के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विशेष कार्यक्रम को लेकर मुख्य गंगा घाट सहित गंगा के दूसरी ओर के घाटों का गहनता से निरीक्षण किया तथा अधिकारियों से तैयारियों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं डीआईजी सहारनपुर अभिषेक सिंह, जिलाधिकारी उमेश मिश्र, एसएसपी संजय कुमार वर्मा, एडीएम वित्त गजेन्द्र सिंह, सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, एसएसपी संजय कुमार वर्मा, एसपी देहात आदित्य बंसल, एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीणा, सीओ भोपा देवव्रत वाजपेई ने गहनता से मेले की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी की तथा गंगा घाट व मेला स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश अधीनस्थ अधिकारियों को दिये। डीआईजी सहारनपुर अभिषेक सिंह ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं व तैयारियों सहित आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात, मुख्य मार्गो आदि के बारे में सम्बंधित अधिकारियों से बातचीत की तथा नगरी के मुख्य मार्गो पर यातायात सुचारू रखने के दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य रूप से एसडीएम जानसठ राहुल देव भट्ट, मेला प्रभारी विनोद कुमार सिंह, अपर मुख्य अधिकारी योगेश कुमार, लोनिवि अधिशासी अभियंता अनिल राणा, सहायक अभियन्ता मोनी सिंह, बीडीओ मोरना विशाखा, डॉ. महकार सिंह, विनोद शर्मा, सुरेन्द्र सिंह, देवेन्द्र आर्य आदि मौजूद रहे।

## सूर्य देव को अर्घ्य देकर छठ मैया की पूजा की

मीरापुर, 27 अक्टूबर (बु.)। कार्तिक मास की षष्टी तिथि को छठ पूजा पर्व पर श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य को संध्या काल में अर्घ्य देकर उनकी पूजा की। इसके उपरांत घर आकर छठ मैया की पूजा कर उनका आशीर्वाद लिया। कस्बे की पंजाबी कालोनी में प्रतिवर्ष की भांति डॉ. राजन मिश्रा व सचिन मिश्रा के आवास पर छठ पूजा का पर्व बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान रविवार को पंचमी तिथि पर खरना के बाद महिला श्रद्धालु सुमन मिश्रा ने 36 घण्टे का निर्जला व्रत प्रारम्भ किया तथा सोमवार की शाम को परिवार के सदस्यों के साथ गंगा बैराज पर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और उनको रसियाव, पूड़े व मिठाई के प्रसाद का भोग लगाकर उनकी पूजा की। इसके बाद घर आकर छठ मैया की पूजा कर आशीर्वाद लिया। रात में कोसी भरा गया। इस दौरान डॉ. राजन मिश्रा, सुमन मिश्रा, सचिन मिश्रा, लवली मिश्रा,सक्षम, स्नेहा व मीरा आदि शामिल रहे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति के आर्मी रिकार्ड में मेरा नाम पिंकी (PINKI DEVI) दर्ज है, जो कि गलत है। मेरा सही नाम पिंकी (PINKI) है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

पिंकी (PINKI) पत्नी
अमरेश कुमार (Amresh Kumar)
ग्राम- दहचन्द, तहसील-सदर
जिला- मुजफ्फरनगर

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैने अपना नाम सीमा गर्ग (Seema Garg) से बदलकर सीमा देवी (Seema Devi) रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाये। सीमा देवी पत्नी सुधीर कुमार, निवासी- 167/3 संजय मार्ग, नई मंडी, साउथ भोपा रोड, मुज़फ्फरनगर, उत्तर प्रदेश, 251001
M.:7983683266

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैने अपना नाम सुधीर गर्ग (Sudhir Garg) से बदलकर सुधीर कुमार (Sudhir Kumar) रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाये। सुधीर कुमार पुत्र नेम चन्द, निवासी- 167/3 संजय मार्ग, नई मंडी, साउथ भोपा रोड, मुज़फ्फरनगर, उत्तर प्रदेश, 251001
M.: 8126760667

## कालेज से घर जा रहे दो छात्रों पर किया हमला

- मारपीट की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर की वायरल




बुढ़ाना, 27 अक्टूबर (बु.)। गांव के ही चार युवकों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर कालेज से छुट्टी मिलने के बाद अपने अपने घरों लौट रहे दो छात्रों को बैल्ट और डंडों से पीटकर घायल कर दिया और पिटाई की वीडियो शूट कर उसको सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिया। पुलिस अब आरोपियों की तलाश में लगी है। आरोपियों ने छात्रों को किस बात पर पीटा इसका पता नहीं लग पाया। बताया जाता है कि बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के कुरालसी गांव का सूरज ठाकुर गांव में ही स्थित केएस इन्टर कालिज में फर्स्ट ईयर में पढ़ता है, जो कि बीती 16 अक्टूबर को कालेज से छुट्टी होने के बाद अपने घर पर लौट रहा था। सूरज के साथ गांव का ही आशुतोष पुत्र योगेश्वर भी था, तब रास्ते में ग्राम के ही पीयूष पुत्र प्रविंद्र, दीपांशु पुत्र संजय, वंश पुत्र शेखर, प्रियांशु पुत्र धीरज और गांव के अन्य लड़कों ने सूरज और आशुतोष को पकड़ लिया और उन दोनों के साथ बैल्ट और डंडों से अकारण ही मारपीट कर पिटाई करने का वीडियो बनाकर उसको सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिया। पता चलने पर दोनों छात्रों के परिजन मौके पर आए और पुलिस को सूचना देते हुए दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में भर्ती कराया, जहां पर दोनों छात्र अपनी पिटाई से सदमे में हैं। पुलिस ने छात्र सूरज के पिता संजू पुत्र ओमबीर की तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए सभी की तलाश शुरू कर दी है।

## लिव इन पार्टनर ने किया था यूपीएससी स्टूडेंट का मर्डर, तेल-घी और शराब डालकर जलाया



नई दिल्ली, 27 अक्तूबर (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस ने गांधी विहार इलाके में यूपीएससी स्टूडेंट रामकेश मीणा की मौत से जुड़े केस में उसकी लिव इन पार्टनर समेत 3 लोगों को अरेस्ट कर लिया है। रामकेश की जली हुई लाश 6 अक्टूबर को उसके फ्लैट में मिली थी। पुलिस सोर्स के मुताबिक फोरेंसिक साइंस में बीएससी कर रही 21 साल की अमृता ने ही अपने एक्स बॉयफ्रेंड और उसके दोस्त की मदद से रामकेश की हत्या की थी। इसके बाद उसकी लाश को जला दिया था। अमृता चौहान, सुमित कश्यप और संदीप कुमार तीनों आरोपी उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के रहने वाले हैं। पुलिस ने मामले की जांच के दौरान कई टीमों ने इनकी तलाश की और 18 अक्टूबर को अमृता को अरेस्ट किया। अमृता ने पुलिस को बताया कि दोनों मई 2025 से लिव-इन रिलेशनशिप में थे। मीणा के पास उसके अश्लील वीडियो थे और वह उन्हें डिलीट नहीं कर था। अमृता ने यह बात अपने एक्स बॉयफ्रेंड को बताई। फिर दोनों ने मीणा को खत्म करने की प्लानिंग की। 6 अक्टूबर को पुलिस को दिल्ली के गांधी विहार स्थित ई-60 की चौथी मंजिल पर आग लगने की सूचना मिली। स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग बुझाई। इसी दौरान जांच टीम को फ्लैट से एक बुरी तरह जला हुआ शव मिला, जिसे हिंदू राव अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवाया गया। मृतक की पहचान 32 साल के रामकेश मीणा के रूप में हुई। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज खंगालने से पता चला कि 5-6 अक्टूबर की रात को, दो लोग चेहरे पर नकाब लगाकर बिल्डिंग में घुसे थे। 39 मिनट बाद एक आदमी इमारत से बाहर निकलता दिखा। जानकारी के अनुसार 2:57 बजे एक लड़की दूसरे आदमी के साथ बिल्डिंग से बाहर आती दिखाई दी। इस लड़की की पहचान बाद में अमृता चौहान के रूप में हुई। इन लोगों के जाने के ठीक बाद आग लगने की घटना हुई।

# तीसरी आंख में कैद चोरों के गिरेबान तक नहीं पहुंच पा रही पुलिस

भोपा, 27 अक्टूबर (बु.)। कस्बे में चोरों का आतंक लगातार हावी है, वहीं ग्रामीणों में बढ़ती वारदातों के चलते दहशत पसरी हुई है, कब किसका क्या सामान चोरी हो जाए, ये किसी को नहीं पता है, वहीं चोर सीसीटीवी में कैद होने के बाद भी पुलिस की पकड़ से लगातार दूर हैं। भोपा कस्बा क्षेत्र में लगभग आधा दर्जन ट्यूबवेलों सहित वाहन चोरी की कई घटनाओं का खुलासा पुलिस नहीं कर पाई है। पुलिस घटनाओं का खुलासा तो दूर तीसरी आंख में कैद चोरों की पहचान तक नहीं कर पाई है। कस्बा व थाना भोपा निवासी रोहित वालिया बीते लगभग एक माह पहले भोपा के पेट्रोल पंप के सामने वाली गली में स्थित मस्जिद के पास अपनी स्प्लेंडर बाइक खड़ी करके किसी काम के लिए गया था। काम निपटाकर जैसे ही वह वापस अपनी बाइक के पास आया, तो उसने देखा कि किसी शातिर चोर ने उसकी बाइक चोरी कर ली है । बाइक चोर पास ही हलवाई की दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गए थे। पीड़ित द्वारा कार्रवाई की गुहार लगाने पर पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहचान में जुट गई थी, लेकिन चोरों की फुटेज हाथ में होने के बावजूद भी भोपा पुलिस के हाथ खाली हैं। दूसरी ओर गांव व थाना भोपा निवासी रेहान बीते दस अक्टूबर को भोपा की शाही मस्जिद में नमाज पढ़ने आया था। नमाज पढ़ने के दौरान उसने अपनी साइकिल मस्जिद के बाहर खड़ी कर दी। नमाज पढ़ने के बाद वह जैसे ही बाहर आया तो उसे अपनी साइकिल गायब मिली, जिसके बाद उसने पास के ही मकान के सीसीटीवी कैमरे देखे, तो एक अज्ञात चोर साइकिल चोरी करता दिखाई दिया, जिसके बाद उसने भी थाने पहुंचकर कार्रवाई की गुहार लगाई थी। सूत्रों के अनुसार चोरी का यह मामला तो दर्ज तक भी नहीं किया गया। इसके बाद चोरों के हौसले और ज्यादा बढ़ गए और चोरों ने एक कदम और आगे बढ़ते हुए बीते दस दिन पूर्व भोपा कस्बे की पांच ट्यूबवेलों पर धावा बोल दिया व चार ट्यूबवेल से कीमती सामान चोरी कर लिया और एक ट्यूबवेल पर चोरी का प्रयास किया, जिसके बाद भोपा निवासी किसान धर्मवीर सिंह, गौतम राठी, विनय राठी और देवेंद्र राठी भोपा थाने पर पहुंचे और घटना के संबंध में पुलिस को जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में भी मुकदमा दर्ज कर इतिश्री कर ली। चोरी की इन वारदातों के बाद पुलिस अभी तक चोरों को पकड़कर चोरी गया सामान बरामद करना तो दूर, दो घटनाओं में सीसीटीवी कैमरों में कैद चोरों की पहचान तक भी नहीं कर पाई है। वैसे तो आम नागरिकों की सुरक्षा और घटनाओं के खुलासे के लिए भोपा पुलिस द्वारा लगभग आठ माह पहले दर्जनों स्थानों पर कैमरे लगाए थे, जिससे आरोपी तीसरी आंख में कैद हो सके, लेकिन सूत्रों के अनुसार पुलिस द्वारा लगवाए गए अधिकांश कैमरे बंद पड़े हुए हैं। इसलिए चोरों के भागने की दिशा ही तय नहीं हो पा रही है। चोरी की इन घटनाओं का खुलासा ना हो पाने से ग्रामीणों में चोरों की दहशत बरकरार है और पुलिस के इकबाल पर भी सवालिया निशान लग गया है।

## कपिल देव अग्रवाल ने युवाओं से हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी के मंत्र को आत्मसात करने का आह्वान किया



मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर (बुस.)। आज अपनी विधानसभा मुजफ्फरनगर स्थित एस.डी. मैनेजमेंट कॉलेज में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत "युवा सम्मेलन" में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी के साथ मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी के मंत्र को आत्मसात करने का आह्वान किया और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा रॉबिन तोमर, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा कार्तिक काकरान, पूर्व विधायक उमेश मलिक, जिला मंत्री सुधीर खटीक, मोहन तायल, हरेंद्र शर्मा, नीरज त्यागी, शरद शर्मा, कार्यक्रम संयोजक ऋषभ देव शर्मा, जिला मंत्री कृत्यांश खटीक, आदेश शर्मा, यश गोयल, मंडल अध्यक्ष निकुंज सिंघल, सभासद नवनीत गुप्ता, प्रशांत गौतम, दिनेश पाल सहित भाजपा के जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में युवाओं में राष्ट्र निर्माण के प्रति उत्साह, स्वदेशी उत्पादों के उपयोग तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का दृढ़ संकल्प लिया गया।

## मेरठ सेंट्रल मार्केट के बाद अब 15 और दुकानों को नोटिस

### व्यापारियों ने अनिश्चितकालीन बंद की घोषणा की



मेरठ, 27 अक्तूबर (एजेंसी)। यूपी के मेरठ शहर के शास्त्रीनगर सेंट्रल मार्केट के 661/6 पर बने अवैध कॉम्प्लेक्स पर लगातार दो दिन की कार्रवाई के दौरान उसे पूरी तरह जमींदोज कर दिया गया। अब सेंट्रल मार्केट के 31 अन्य परिसर मालिकों को आवास विकास परिषद ने नोटिस जार कर 15 दिन में दुकानें खाली करने का समय दिया है। इन घटनाओं से व्यापारियों में भारी रोष है। सोमवार को सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों ने अनिश्चितकालीन बंद की घोषणा कर दी। व्यापारियों ने काली पट्टी बांध कर शांति मार्च निकाला। भगत सिंह मार्केट बंद कराते हुए वहां के व्यापारियों से भी सहयोग मांगा। इस दौरान वहां भारी मात्रा में पुलिस तैनात रही। सेंट्रल मार्केट के 661/6 पर बने कॉम्प्लेक्स को पूरी तरह ध्वस्त किए जाने और मार्केट के 31 परिसर में बनी 90 दुकानों को 15 दिन में खाली करने के नोटिस दिए जाने से व्यापारी बहुत नाराज हैं। इस कार्रवाई के विरोध में सोमवार को व्यापारियों ने सेंट्रल मार्केट के अलावा सेक्टर 1 और 2 की सभी दुकानें बंद रखीं। सेन्ट्रल मार्केट व्यापार संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल के नेतृत्व में काली पट्टी बांधकर शांति मार्च निकाला। जितेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि दुकानें अनिश्चित समय के लिए बंद की गई हैं। उनकी मांग है कि अब किसी दुकान पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई न की जाए। इन दुकानों को रेगुलराइज किया जाए। व्यापारियों ने नारेबाजी करते भगत सिंह मार्केट पहुंचे। जहां व्यापारियों से सहयोग मांगते हुए भगत सिंह मार्केट भी बंद करा दिया। बाजार बंदी की सूचना पर भारी मात्रा में पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान भगत सिंह मार्केट में सभा करते हुए व्यापारियों ने आरोप लगाया कि मेरठ से लेकर चंदौसी तक लगातार अतिक्रमण के नाम पर व्यापारियों को उजाड़ा जा रहा है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम सुनीता कुमारी से बदलकर सुनीता बालियान कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा।

सुनीता बालियान
पत्नी श्री नीरज कुमार
निवासी- 683, शाकुन्तलम, आवास विकास कॉलोनी, मुजफ्फरनगर



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा
मुजफ्फरनगर बुलेटिन
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

1973-2025

सम्पादक की कलम से

## आरजेडी का आत्मघाती चुनाव प्रचार

नेता और उनके सलाहकार किस बात को अच्छा समझें और किस बात को बुरा इसका कोई मापदंड नहीं रह गया है। मूर्खतापूर्ण वक्तव्य तक को बुद्धिमत्ता समझा जाता है। ऐसे मुद्दे को लेकर पार्टी की पार्टी सड़क पर आ जाती है, जिसमें कोई दम नहीं होता, बाद में पूरी पार्टी की हालत खिसियानी बिल्ली जैसी हो जाती है। बिहार चुनाव में अब न वोट चोरी का मुद्दा है न एसआईआर कोई मुद्दा है और एक वक्त इन दोनों को लेकर पूरे बिहार में बवाल काटा गया। भारत ही के राजनैतिक दलों में यह गुण है कि वे अपने विरुद्ध ही प्रचार कर सकते हैं। बिहार में एक आरजेडी ऐसा ही दल है, जिसका प्रचार आत्मघाती है, लेकिन उसे न उसके नेताओं ने अभी तक बताया है न सलाहकारों ने।लालू यादव की पार्टी आरजेडी आत्मघाती चुनाव प्रचार कर रही है। उनके प्रचार में जातिवाद भी है, अश्लीलता भी और वह हिंसक भी हो रहा है। कानून के एतबार से ऐसा नहीं होना चाहिए, लेकिन अभी तक किसी ने इस कानून के खिलाफ हो रहे प्रचार पर ध्यान नहीं दिया है। आरजेडी और उसके समर्थक अपने चुनावी प्रचार में हिंसा, बंदूक और अश्लीलता का सहारा लेकर राजनीतिक स्तर को गिरा रहे हैं। गीतों के माध्यम से हो रहे वाला यह ध्रुवीकरण दिखा रहा है कि आरजेडी सत्ता में वापसी के लिए किस हद तक नीचे जा सकती है। आरजेडी के समर्थक और उनसे जुड़े यूट्यूब गायक हिंसा और गुंडागर्दी को बढ़ावा दे रहे हैं। ये गाने सीधे तौर पर मतदाताओं को धमका रहे हैं और पुराने जंगलराज की वापसी का संकेत दे रहे हैं, जिन नौजवानों ने जंगलराज नहीं देखा बस उसकी कहानियां सुनी हैं, वे इन गानों के माध्यम से पुराने जंगलराज को समझ रहे हैं। प्रधानमन्त्री मोदी ने भी चुनावी रैली में इन गानों पर तीखा हमला बोला है और इन्हें कट्टा-दुनाली का प्रचार बताया है। भाजपा ने अपने एक्स हैंडल पर आरजेडी की मानसिकता और हिंसा वाले गानों का एक लूप पोस्ट किया है। पहले गाने के बोल हैं, लेके दुनाली दिवाली हम मनाइबो गोली के छल्ला से रे भैया के आवे दे सत्ता ता कट्टा सता के उठा लेबो घरा से रे यह गाना कहता है कि दोनाली बंदूक से दिवाली मनाई जाएगी और आरजेडी के सत्ता में आने पर बंदूक की नोक पर लोगों को उनके घर से उठा लिया जाएगा। यह आत्मघाती प्रचार नहीं तो और क्या है। भाजपा ने इसे जंगलराज की वापसी की धमकी बताया और कहा कि आरजेडी समर्थक बिहार को फिर उसी हिंसक दौर में धकेलना चाहते हैं, जिससे एनडीए सरकार ने राज्य को बाहर निकाला था। यह कोई एक गाना नहीं है। आरजेडी समर्थकों की ओर से ऐसे कई गाने सोशल मीडिया पर चल रहे हैं। पहला गाना भैया के आवे दे सत्ता में, उठा लेब सटा के कट्टा घरा से रे। इसमें वोट न देने वालों को बंदूक से उठाने की बात है। दूसरा गाना, आरजेडी सरकार बनेगी तो यादव रंगदार बनेंगे, घर-घर हथियार रखे जाएंगे। यह गाना साफ तौर पर जातीय और हिंसक संदेश दे रहा है।लेकिन अत्यंत खेद की बात है कि कोई संस्था इस गुंडागर्दी का संज्ञान नहीं ले रही है। इसके अलावा, कट्टा-दुनाली और गोली के छल्ला जैसे शब्द बार-बार इन गानों में दोहराए गए हैं। कुछ गानों में विरोधियों को जलाने तक की धमकियाँ दी गई हैं। एक गाने में आरजेडी समर्थित यूट्यूबर गुंडे आरजेडी को हराने वालों को जलाने की धमकी दे रहे हैं। आरजेडी समर्थकों और उससे जुड़े यूट्यूब चैनलों पर अब गानों में सिर्फ बंदूक नहीं, बल्कि अश्लीलता भी खुलकर परोसी जा रही है। भोजपुरी संगीत, जो कभी भिखारी ठाकुर और शारदा सिन्हा जैसे कलाकारों की वजह से संस्कृति का आईना था, अब फूहड़ता और महिला विरोधी बोलों का मंच बन चुका है। डबल मीनिंग गीतों में महिलाओं को वस्तु की तरह दिखाया गया। यही गायक अब राजनीति में उतरकर समाज सुधार की बात कर रहे हैं। आरजेडी ने इस बार खेसारी लाल यादव को टिकट दिया है, जबकि जनसुराज पार्टी ने रितेश पांडेय को मैदान में उतारा है। इन दोनों पर अश्लील गाने गाने के आरोप हैं। खेसारी लाल के कई वायरल गीतों में महिलाओं के प्रति अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल हुआ है, जबकि रितेश पांडेय के डबल मीनिंग गाने खुलेआम फूहड़ता को बढ़ावा देते हैं। अब यही कलाकार जनता के वोट माँग रहे हैं! सवाल यह है कि जो गानों में महिला का मजाक उड़ाते हैं, क्या वे विधानसभा में महिला सशक्तिकरण की बात करेंगे? आज बिहार की जनता के सामने दो तस्वीरें हैं। एक तरफ मनोज तिवारी का हाँ हम बिहारी हैं जी, जो बिहार की मिट्टी, मेहनत और संस्कृति का गीत है। दूसरी तरफ आरजेडी समर्थकों के हिंसक और अश्लील गाने हैं, जो जंगलराज की याद दिलाते हैं। वोटरों को तय करना है कि वे विकास और शांति की राह चुनेंगे या गोलियों और गुंडागर्दी की। बिहार अब पुराना जंगलराज नहीं चाहता, वह वही बिहार बनना चाहता है, जो मेहनत, सम्मान और सुशासन पर गर्व करे। भोजपुरी गायक मनोज तिवारी ने बिहार के सम्मान में गाना हाँ हम बिहारी हैं जी रिलीज किया है, जिसे जनता खूब पसंद कर रही है। यह गीत सकारात्मकता और संस्कृति पर आधारित है। गाने की शुरूआत हाँ हम बिहारी हैं जी माटी को सोना कर दें, वाली कलाकारी है जी से होती है। यह गीत बिहार की मेहनतकश जनता, कला, इतिहास और मिट्टी की खुशबू को सलाम करता है। इसमें बिहार के सबसे बड़े पर्व छठ पूजा का भी सुंदर उल्लेख है। यह गाना एनडीए के उस संदेश को मजबूती देता है, जिसमें बिहार की पहचान को गरीबी या गुंडागर्दी से नहीं, बल्कि मेहनत और संस्कृति से जोड़ा जाता है। इधर तेजस्वी यादव ने अपने हालिया बयान में कहा कि अगर हम मौका मिला तो वक्फ बोर्ड वाला कानून फाड़ देंगे। तेजस्वी ने आखिर यह बयान क्यों दिया? क्या यह सिर्फ भावनात्मक प्रतिक्रिया थी या इसके पीछे कोई सोची-समझी चुनावी चाल? इस बयान को सिर्फ अल्पसंख्यकों को प्रभावित करने वाला बताया जा रहा है, जबकि केन्द्र के बने कानून को राज्यों को मानना ही पड़ता है, यह बात तेजस्वी को शायद मालूम नहीं। तेजस्वी यादव अब कई मोर्चों पर जूझ रहे हैं। एक तरफ मुस्लिम वोटों का असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी के हिस्से में जाना, और दूसरी तरफ मुस्लिम समाज में फिर अपनी पकड़ मजबूत करना और अब यह आत्मघाती चुनाव प्रचार। सीमांचल और किशनगंज जैसे इलाकों में ओवैसी की बढ़ती सक्रियता ने राजद की नींद उड़ा दी है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'घोषणाएं' 'जनता' 'चुनाव' 'बकवास'

झूटी हैं घोषणाएं, सच्चाई कुछ नहीं है,
जनता ये जानती है, विश्वास कीजियेगा।
आया चुनाव आया, खोलो जबों के घोड़े,
बकवास का है मौसम, बकवास कीजियेगा।





# शिवचौक के निकट वसुंधरा कॉम्पलेक्स का शानदार शुभारम्भ

## -रेस्टोरेंट, रेडीमेड गार्मेन्ट्स, स्वर्णकार, इलेक्ट्रोनिक सामान आदि के भव्य शोरूमों के लिए हुई जोरदार बुकिंग

मुजफ्फरनगर, 28 अक्टूबर (बु.)। शिवचौक के निकट लोगों को लम्बे समय से एक ऐसे स्थान का इंतजार था, जहां वे सुकून के साथ शॉपिंग कर सकें। सुकून से मतलब जहां कॉम्पलेक्स के बाहर आसानी से पार्किंग की सुविधा उपलब्ध हो। ऐसे ही एक कॉम्पलेक्स वसुंधरा कॉम्पलेक्स का शिवचौक के निकट बृज टॉकीज से अगली गली 30 फुटा रोड पर इसका भव्य शुभारम्भ सोमवार को हुआ। शुभारम्भ के अवसर पर नगर के गणमान्य लोगों के साथ-साथ व्यापारियों ने अपने 25-50 गज के प्लाट्स की बुकिंग हाथोंहाथ करा दी। कॉम्पलेक्स संचालकों का उद्देश्य नगर में एक ऐसे स्थान को उपलब्ध कराना है, जहां वाहनों की पार्किंग की कोई असुविधा न हो। आसानी से लोग अपनी गाड़ी, दुपहिया वाहन पार्क करके शॉपिंग कर सकें। कॉम्पलेक्स के स्वामी अमित चौधरी का बताना है कि शहर में कोई भी ऐसी मार्किट नहीं है, जहां सुकून के साथ बाजार में आने वाले ग्राहक अपना वाहन खड़ा कर सकें और खरीदारी कर लें। शहर के बीचोंबीच यह पहला ऐसा कॉम्पलेक्स बनेगा, जिसमें पार्किंग की सुविधा तो होगी ही, साथ ही चटपटे रेस्टोरेंट से लेकर बेहतरीन डिजाइनिंग रखने वाले स्वर्णकार तक अपने शोरूम खोलेंगे। रेडीमेड गार्मेन्ट्स, कपड़ा व्यापारियों के भी भव्य शोरूम यहां देखने को मिलेंगे। उक्त कॉम्पलेक्स में एक ही स्थान पर सभी प्रकार की खरीदारी के लिए आमजन आ सकेंगे। अमित चौधरी ने बताया कि 25-50 और 100 गज के शोरूम की जगह अपनी आवश्यकता अनुसार व्यापारियों ने यहां पर खरीदी है और पहले दिन बड़ा डिस्काउंट भी व्यापारियों को दिया गया है। व्यापारियों के साथ- साथ आज उक्त कॉम्पलेक्स में नगर के गणमान्य लोगों के साथ-साथ उद्योगपति भी मौजूद रहे। कॉम्पलेक्स के स्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि 70 प्रतिशत प्लाटों की बिक्री ओपनिंग के प्रथम दिन ही हो गयी है, जो अपने आपमें उनके लिए बड़ी उपलब्धि है। उनका मानना है कि अगले कुछ दिन में ही कॉम्पलेक्स की सारी भूमि की बुकिंग हो जाएगी। ऐसे में जो भी व्यापारी अपनी बुकिंग कराना चाहे वह उक्त जगह का मौका मुआयना करके जल्द ही अपनी बुकिंग प्लॉट हेतु करा सकता है। इस अवसर पर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, भाजपा नेता गौरव स्वरूप, उद्यमी राकेश बिंदल, समाजसेवी व उद्यमी भीम कंसल, सतीश गोयल टिहरी, अशोक कंसल, पराग गोयल, संजय गोयल, श्रवण कुमार, संदीप गोयल, राजीव जैन गर्ग डुप्लेक्स, संजय जैन व राजीव जैन सर्वोत्तम मिल, रोहित चौधरी, सुमित रोहल, अचिन कंसल, भुवनेश गुप्ता, सतपाल मान, गौरव काम्बोज, अनुराग सिंघल, संजय शर्मा, अमित चौधरी वसुंधरा, डॉ. रजत जिंदल, आकाश कुमार विजय लक्ष्मी, सुभाष गोयल सिद्धबली, नवीन गर्ग स्वास्तिक, संजीव कुमार अग्रवाल, नवनीत कुच्छल पूर्व सभासद आदि नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।






पानीपत, 27 अक्तूबर (एजेंसी)। हरियाणा में कुरुक्षेत्र के पशुपालक कर्मवीर सिंह के प्रसिद्ध 9 करोड़ रुपए के झोटे युवराज का 23 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। युवराज 29 बार राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के मेलों में अपनी मुर्रा नस्ल में चैंपियन रहा। वह लगभग 1500 किलोग्राम वजनी, 9 फीट लंबा और 6 फीट ऊंचा था। मालिक का दावा है कि उसके सीमन से करीब 2 लाख कटड़े और कटड़ियां पैदा हुईं। युवराज की सालाना कमाई लगभग 80 लाख रुपए तक बताई जाती थी। उसे खरीदने के कई ऑफर आए, लेकिन उसके मालिक कर्मवीर ने हमेशा इनकार कर दिया। हिसार स्थित राष्ट्रीय भैंस अनुसंधान केंद्र में युवराज की एक प्रतिमा भी लगाई गई है। कर्मवीर के अनुसार, मुर्रा नस्ल के इस झोटा पर हर महीने करीब 1 लाख रुपए का खर्च आता था। उसे



रोजाना 20 लीटर दूध, 10 किलो फल, 10 किलो दाना, 6 किलो मटर और हरा चारा खिलाया जाता था। शाम के समय उसे 6 किलोमीटर की सैर कराई जाती थी। रोज तेल से मालिश की जाती थी, ताकि उसका शरीर चमकदार और मजबूत बना रहे। कर्मवीर ने बताया कि मैं अपने बच्चे की तरह इसे प्यार करता था। इसकी वजह से मेरी पहचान बनी। पंजाब, हरियाणा के अलावा हैदराबाद, पटना, चित्रकूट के अलावा अलग-अलग हिस्सों में गया। दिल्ली में एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद युवराज को देखने के लिए आए थे। जानकारी के अनुसार युवराज के सीमन से हुई कटड़ी पहली बार 14 से 16 लीटर तक दूध देती है। 14 लीटर वाली भैंस 3 से 4 लाख रुपए तक बिकती थी। युवराज का पिता योगराज था। इसी साल जनवरी में उसकी मौत हो गई थी। वो भी 23 साल के करीब का था। पंजाब में योगराज की काफी डिमांड थी। युवराज की मां गंगा की भी मौत हो चुकी है। गंगा ने 24 कटड़े-कटड़ियों को जन्म दिया था।

# कुशीनगर में 25 मिनट में 4 रॉकेट ने भरी उड़ान, 2 नदी और 2 रेत पर गिरे

कुशीनगर, 27 अक्तूबर (एजेंसी)। यूपी के कुशीनगर में सोमवार को 25 मिनट में 4 रॉकेटों ने उड़ान भरी। चारों रॉकेट अपनी निर्धारित ऊंचाई तक गए। इसके बाद पैराशूट की मदद से वापस धरती पर लैंड कराए गए। पहला रॉकेट करीब 1000 मीटर की ऊंचाई तक गया। ये रॉकेट्री और कैनसेट लॉन्च कंपटीशन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की निगरानी में हो रहा है। इसका आयोजन सेवरई ब्लॉक के रकबा जंगली पट्टी गांव में नारायणी नदी के तट पर 4 दिन (30 अक्टूबर) तक चलेगा। 30 अक्टूबर को अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला भी मौजूद रहेंगे। इसे अंतरिक्ष ज्ञान अभियान नाम दिया गया है। सोमवार को कंपटीशन का पहला दिन था। इस दौरान ऑब्जर्वेशन एरिया में बैठे जूरी सदस्य और लॉन्चिंग टीम एलईडी स्क्रीन से लगातार मॉनिटर कर रही थी। वॉलंटियर्स के लिए स्टेज पर अलग से बड़ी एलईडी का इंतजाम किया गया। लॉन्च साइट की निगरानी कुल 8 हाई क्वालिटी के कैमरों से की गई। लॉन्च के बाद 2 रॉकेट नारायणी नदी में गिर गए। जिन्हें टीम ने रिकवर कर लिया। अन्य 2 रॉकेट रेत से रिकवर किए गए। ईसरो और इन-स्पेस के निर्देशन में रकबा जंगली पट्टी गांव में तीन दिन से तैयारी चल रही थी। नारायणी नदी के तट के किनारे 2 किलोमीटर का इलाका खाली कराया गया था। यहां एक सेफ जोन बनाया गया है। जहां से रॉकेट का प्रक्षेपण किया गया। तैयारी पूरी होने के बाद पहले दिन सोमवार को सुबह 7 बजे इसरो इन-स्पेस के निदेशक डॉ. विनोद कुमार और वरिष्ठ वैज्ञानिकों की देख-रेख में कार्यक्रम शुरू हुआ। तकनीकी कारणों से निर्धारित समय से 2 घंटे की देरी के बाद सुबह 9.30 बजे पहला रॉकेट प्रक्षेपित किया गया।



## तालिबान की खुली धमकी, पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ को दो-टूक चेताया

काबुल, 27 अक्तूबर (एजेंसी)। अफगानिस्तान पर काबिज तालिबान ने जंग-जंग चिल्ला रहे पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। तालिबान सरकार के प्रवक्ता मौलवी जबीहुल्लाह मुजाहिद ने जोर देकर कहा है कि अफगान सरकार बातचीत के जरिए मुद्दों को सुलझाने को प्राथमिकता देती है और किसी भी देश या संस्था के साथ संघर्ष के लिए इच्छुक नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि लेकिन, अगर जंग थोपी गई तो इस्लामिक अमीरात



सरकार इसका करारा जवाब देगी। तालिबान का यह बयान पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के जंग की धमकी के बाद आया है। ख्वाजा आसिफ ने धमकाते हुए कहा था कि अगर तुर्की में तालिबान के साथ सहमति नहीं बनी तो युद्ध का विकल्प खुला हुआ है। मौलवी जबीहुल्लाह मुजाहिद ने ख्वाजा आसिफ के बयान पर कहा, "अफगानिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता पर किसी भी तरह के उल्लंघन का उचित जवाब दिया जाएगा, और अफगानों को आत्मरक्षा का अधिकार है।" उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल दूसरों को नुकसान पहुंचाने के लिए नहीं किया जाएगा। हालांकि, पाकिस्तान का दावा है कि तालिबान के कब्जे के बाद अफगानिस्तान की धरती तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के आतंकियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बनी हुई है, जहां से वे पाकिस्तान के अंदर हमले कर रहे हैं। तालिबान ने इन दावों को हमेशा खारिज किया है।

# यूपी में बच्चे के पेट के आर-पार हुआ सरिया, 7 घंटे तक दर्द से तड़पता रहा

फतेहपुर, 27 अक्तूबर (एजेंसी)। यूपी के फतेहपुर में 5 साल का बच्चा 22 फीट ऊंचे मकान की छत से गिर गया। नाली में लगा सरिया उसके पेट के आर-पार हो गया। करीब 7 घंटे बाद ऑपरेशन करके सरिया निकाला गया। उस दौरान बच्चा दर्द से तड़पता रहा। हादसा उस वक्त हुआ, जब बच्चा छत पर खेल रहा था। अचानक उसका पैर फिसला और वह नीचे गिर गया। चीख-पुकार सुनकर परिजन बाहर आए। नाले से सरिये को काटकर अलग किया। फिर जब पेट से सरिया निकालने की कोशिश की, तो बच्चा चीखने लगा। उसे कानपुर के रिजेंसी अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने कहा कि ऑपरेशन करना पड़ेगा। इसमें करीब 5 लाख रुपए का खर्च आएगा। लोगों ने चंदा जुटाकर 2.8 लाख रुपए जमा किए, तब जाकर ऑपरेशन हो पाया। डॉक्टरों का कहना है कि अब बच्चा खतरे से बाहर है। ऊंचाई से गिरने के चलते बच्चे को मल्टीपल फ्रैक्चर हुए हैं। पेट के अंदरूनी कई अंग भी फट गए हैं, इसलिए मॉनिटरिंग में रखा गया है। घटना रविवार सुबह जिला मुख्यालय से करीब 55 किलोमीटर दूर खखरेरू थाना क्षेत्र के नगर पंचायत वार्ड नंबर-12 की है। फतेहपुर शहर के मुराइन टोला निवासी वकील अहमद प्राइवेट जॉब करते हैं। मासूम जैन उनका इकलौता बेटा है। 31 अक्टूबर को रामनगर के रहने वाले उनके साढू लड्डन पठान के घर पर शादी होनी है। शुक्रवार को वकील बेटे और पत्नी के साथ उनके घर पहुंचे। रविवार सुबह 10 बजे उनका 5 साल का बेटा जैन दूसरे बच्चों के साथ छत पर खेल रहा था। खेलते-खेलते छत के किनारे आ गया। पैर फिसलने से नीचे गिर गया। नीचे पड़ोसी के घर की निर्माणाधीन नाली का सरिया उसके पेट के आर-पार हो गई। बच्चों की चीख सुनकर परिजन दौड़कर बाहर आए। देखा तो सरिया जैन के पेट के आर-पार हो चुका था। उन्होंने उसे सरिये से बाहर निकालने की कोशिश की। बच्चे की हालत देखकर परिजनों ने कटर की मदद से नाली में लगे सरिया को काटा। पेट में फंसे सरिये के साथ ही उसे लेकर सीएचसी भागे। यहां मलहम-पट्टी के बाद उसे कानपुर रेफर कर दिया गया।



## महिला ने लगाया दबंग महिला पर पुलिस के सामने अपने पुत्र की पिटाई करने का आरोप

मीरापुर, 27 अक्टूबर (बु.)। क्षेत्र के गांव तुल्हेड़ी निवासी एक महिला ने गांव की ही एक दबंग महिला पर पुलिस के सामने ही उसके पुत्र की पिटाई करने का आरोप लगाया है। पीड़िता महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती प्रार्थना-पत्र में आरोप लगाया है कि उसके गांव की एक दबंग महिला गांव के कई लोगों के विरुद्ध झूठे प्रार्थना-पत्र दे चुकी है। महिला का आरोप है कि दबंग महिला ने पीड़िता के पुत्र पर अपने पुत्र के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए उसे भूम्मा पुलिस चौकी पर बुलवाया और पुलिस की मौजूदगी में ही उसके पुत्र की पिटाई की।

## पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार, न्यायालय के समक्ष पेश किया

जानसठ, 27 अक्टूबर (बु.)। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत मीरापुर दलपत चौकी इंचार्ज ने पोक्सो एक्ट में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा के आदेश पर चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी यतेन्द्र नागर व थाना प्रभारी जानसठ राजीव शर्मा के नेतृत्व में मु0अ0सं0 202/ 25 धारा 137(2) /87/64(1) बीएनएस व धारा (2) पोक्सो एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त उसामा पुत्र शाहदीन निवासी ग्राम तिसंग को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से पोक्सो एक्ट के आरोपी को जेल भेज दिया गया है। इंस्पेक्टर राजीव शर्मा ने बताया कि पोक्सो एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त उसामा को गिरफ्तार किया गया है, जिसे न्यायालय समक्ष पेश किया गया, जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है गिरफ्तार करने वाली टीम मीरापुर दलपत चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक दीपक शर्मा, उपनिरीक्षक अर्पणा यादव, कांस्टेबल विजय रवि कुमार, रचना पुलिस टीम मौजूद रहे।

# अयोध्या में राममंदिर का कंस्ट्रक्शन पूरा, परकोटे के 6 मंदिर बने, जटायु और गिलहरी की मूर्ति लगीं



अयोध्या, 27 अक्तूबर (एजेंसी)। अयोध्या में राम मंदिर के कंस्ट्रक्शन का काम पूरा हो गया है। मुख्य मंदिर के साथ ही परकोटा के 6 मंदिर भगवान शिव, गणेश, हनुमान, सूर्यदेव, देवी भगवती, देवी अन्नपूर्णा और शेषावतार मंदिर भी पूरे हो चुके हैं। इन पर ध्वजदंड और कलश स्थापित हो चुके हैं। सप्त ऋषियों के मंदिरों का भी निर्माण पूरा कर लिया गया है। रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया- सप्त मंडप- महर्षि वाल्मीकि, वशिष्ठ, विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, निषादराज, शबरी और ऋषि पत्नी अहिल्या का निर्माण पूरा कर लिया गया है। संत तुलसीदास मंदिर का निर्माण भी पूरा हो गया है। जटायु, गिलहरी स्थापित हो चुके हैं। जिन चीजों का सीधा संबंध दर्शनार्थियों की सुविधा और व्यवस्था से है, वे सभी पूरे हो चुके हैं। सड़कें और फ्लोरिंग पर पत्थर लगाने का काम एलएंडटी कर रहा है। 10 एकड़ में पंचवटी का निर्माण जीएमआर कंपनी तेजी से कर रही है। चंपत राय ने बताया- राम मंदिर परिसर में वही कार्य अभी चल रहे हैं, जिनका संबंध दर्शनार्थियों से नहीं है। जैसे चारदीवारी (जो साढ़े 3 किलोमीटर लंबी है), ट्रस्ट ऑफिस, अतिथि गृह, सभागार का काम अभी चल रहा है। वहीं, राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम की तैयारियां तेज हो गई हैं। 25 नवंबर को राम मंदिर के शिखर पर 22 फीट लंबा और 11 फीट चौड़ा ध्वज फहराया जाएगा। यह समारोह प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तरह ही भव्य होगा। यह राम मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने का प्रतीक भी होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत होंगे। कार्यक्रम निर्धारित मुहूर्त पूर्वाह्न 11 से 12 बजे के बीच संपन्न होगा। सुरक्षा कारणों से सभी आमंत्रित अतिथियों को सुबह 8 से 10 बजे के बीच पहुंचने का निर्देश दिया गया है।

## पानी की निकासी को लेकर दो पक्षों में मारपीट

बुढ़ाना, 27 अक्टूबर (बु.)। नाले के गंदे पानी की निकासी को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के हुसैनपुर कलां गांव के निवासी फैसल खान ने आज सोमवार के दिन बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि उनके गांव हुसैनपुर कलां में नाले के गंदे पानी की निकासी को लेकर दो पक्षों के बीच काफी दिनों से एक विवाद चल रहा है, जब आज वह उक्त विवाद को कवरेज कर रहा था, तब कवरेज के दौरान गांव के ही तहसीम, शौकीन और मुरसलीम आदि लोगों ने उसके साथ गाली-गलौच और अभद्र व्यवहार किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस झगड़े का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है।

## मानव तस्करी में लगी शातिर महिलाओं पर कार्रवाई की मांग

मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर (बु.)। विवाह योग्य लड़कों को शादी का झांसा देकर रुपए ऐंठने का आरोप लगाते हुए एक पीड़ित परिवार ने जनपद के अधिकारियों का दरवाजा खटखटाते हुए न्याय दिलाए जाने की गुहार लगाई। इस संबंध में एसएसपी समेत पुलिस के आला अधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र के माध्यम से पीड़ित परिवार ने मानव तस्करी में जुटी दो महिलाओं के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कराए जाने की मांग की है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मौ. रामपुरी निवासी नरेश कुमार पुत्र दीप चन्द ने एसएसपी संजय वर्मा के नाम सौंपे शिकायती पत्र में बताया कि थाना सिविल लाइन में रहने वाली दो महिलाएं भोले-भाले अमीर घरों व शादी योग्य युवाओं से शादी कराने के नाम पर मोटी रकम वसूलने का कार्य कर रही हैं।

पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि उक्त दोनों महिलाएं जो मूल रूप से हरियाणा निवासी हैं और बिहार आदि क्षेत्रों से कम उम्र की लड़कियों के साथ ऐसे युवाओं की शादी कराने के नाम पर मानव तस्करी करने के साथ एकत्र रकम की बंदरबांट करती हैं। पीड़ित परिवार ने इन शातिर महिलाओं पर कड़ी कार्यवाही करते हुए जरुरतमंद परिवारों को राहत दिलाए जाने की मांग की।

## स्ट्रीट डॉग केस, सुप्रीम कोर्ट बोला-देश की छवि खराब हुई

नई दिल्ली, 27 अक्तूबर (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आवारा कुत्तों के मामले में राज्यों के रुख पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल और तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को तलब किया है। अगली सुनवाई 3 नवंबर को होगी। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि केवल पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और दिल्ली नगर निगम ने ही अनुपालन हलफनामा (कार्रवाई की रिपोर्ट) दिया है। कोर्ट ने कहा- बाकी राज्यों ने अब तक यह बताने वाली रिपोर्ट दाखिल नहीं की है कि उन्होंने एनिमल बर्थ कंट्रोल नियमों के तहत क्या कदम उठाए हैं। 22 अगस्त को हुई पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों से जुड़े केस का दायरा दिल्ली-एनसीआर से बढ़ाकर पूरे देश में कर दिया था और सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इसमें पार्टी बनाने का निर्देश दिया था। वहीं, कोर्ट ने कहा था, जिन कुत्तों को पकड़ा जाता है, उनकी नसबंदी और टीकाकरण कर जहां से उठाया है, वहीं वापिस छोड़ दिया जाए। हालांकि, रेबीज से संक्रमित और आक्रामक व्यवहार वाले कुत्तों को शेल्टर होम में ही रखा जाए। कोर्ट ने 11 अगस्त के 2 जजों की बेंच के उस आदेश को बेहद कठोर बताया था, जिसमें सभी आवारा कुत्तों को 8 हफ्तों में दिल्ली-एनसीआर के आवासीय क्षेत्रों से हटाकर हमेशा के लिए शेल्टर होम में भेजने का आदेश दिया था।

## उत्तर प्रदेश में 81 स्कूलों में एक भी छात्र नहीं, 4000 - एकल विद्यालयों में समायोजित होंगे शिक्षक

लखनऊ , 27 अक्टूबर (एजेंसी)। प्रदेश के एक शिक्षक वाले (एकल) विद्यालयों को जल्द ही और शिक्षक मिलेंगे। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से इसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। इसमें कहा गया है कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली कमेटी जिलों में सरप्लस शिक्षकों को एकल विद्यालयों में समायोजित करेगी। शासन की सहमति के बाद इसके लिए जल्द आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। शिक्षा मंत्रालय की ओर से हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यूपी में 81 स्कूलों में शून्य नामांकन हैं। वहीं 9508 स्कूल एकल शिक्षक वाले हैं।

हालांकि यह रिपोर्ट 2024-25 के डाटा के आधार पर है। इस पर बेसिक शिक्षा विभाग का कहना है कि पिछले साल तीन चरणों में किए गए तबादला-समायोजन में काफी एकल विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती कर दी गई है। इसके बाद प्रदेश में लगभग चार हजार विद्यालय ही एकल बचे हैं।

## लखनऊ के रेलवे हॉस्पिटल में भीषण आग

लखनऊ, 27 अक्तूबर (एजेंसी)। लखनऊ में आलमबाग स्थित रेलवे हॉस्पिटल में सोमवार तड़के भीषण आग लग गई। आग से तीन मंजिला अस्पताल में धुआं भर गया। मरीजों और अस्पताल स्टाफ का दम घुटने लगा। अफरा-तफरी मच गई। धुआं भरने से अस्पताल के क्रिटिकल केयर यूनिट में भर्ती 22 मरीज फंस गए। अस्पताल के फायर अलार्म बजने लगे। मरीज और उनके परिजन दहशत में आ गए। तुरंत परिजनों और स्टाफ ने जैसे-तैसे सीसीयू में भर्ती मरीजों का रेस्क्यू किया। आग की सूचना सुबह 5.38 बजे फायर कंट्रोल रूम को दी गई।

नि:शुल्क सर्जिकल शिविर

आपको जानकर हर्ष होगा कि आपके शहर मुजफ्फरनगर में दिनांक 28 अक्टूबर 2025, दिन मंगलवार को ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, पर एक नि:शुल्क सर्जिकल कैंप आयोजित किया जा रहा है।

इस कैंप में मुजफ्फरनगर के मशहूर अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर सुनील कुमार गुप्ता एवं डॉक्टर सिद्धार्थ गुप्ता यूरोलॉजिस्ट एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।

इस कैम्प में

- पित्त की थैली में पथरी, अपेंडिक्स एवं हार्निया का परामर्श
- गुर्दे की पथरी, गुर्दे की नलकी की पथरी, मसाने की पथरी, मसाने का कैंसर, गदूद की समस्या, पेशाब की नलकी का सिकुड़ना।
- पेशाब सम्बंधित अन्य रोग, जैसे स्त्रियों में खाँसते व छींकते हुए पेशाब निकल जाना, पेशाब रूक-रूक कर आना, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना, पेशाब की धार कमजोर होना।
- स्तन (Breast) स्त्रियों की छाती से सम्बन्धित रोग जैसे - स्तन या बगल में गाँठ होना, निप्पल से खून आना
- स्तन के आकार में बदलाव आना, निप्पल का अंदर की ओर धसना जैसे रोगो का नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।
- गुदा संम्बधित रोग जैसे- बावासीर, मस्से, भगंदर, नासूर का लेजर द्वारा इलाज

नि:शुल्क पी.एस.ए. गदूद के कैंसर की जाँच
ऑपरेशन पर भारी छूट
नि:शुल्क यूरोफ्लोमेट्री पेशाब की धार की जाँच

स्थान : ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर

फ्री परामर्श का समय

28 अक्टूबर 2025, मंगलवार प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

रजिस्ट्रेशन के लिए शीघ्र सम्पर्क करें- 9319993779

रोगियों से अनुरोध है कि वे अपनी जाँच व इलाज सम्बन्धी कागज (यदि हो तो) जरूर लेकर आयें

विशेष समाचार

## सोना 700 और चांदी की कीमत 4,250 रुपए गिरी

**नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (एजेंसी)।** अमेरिका-चीन के बीच व्यापारिक तनाव कम होने से सुरक्षित निवेश की मांग कमजोर पड़ने के बीच कमजोर वैश्विक रुख के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 700 रुपये की गिरावट के साथ 1,25,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। चांदी की कीमत 4,250 रुपये की भारी गिरावट के साथ 1,51,250 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार शनिवार को पीली धातु 1,000 रुपये बढ़कर 1,26,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई थी। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 700 रुपये की गिरावट के साथ 1,25,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (करों सहित) पर आ गया। पिछले सत्र में यह 1,26,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

# पुलिस ने युवती को जबलपुर से किया बरामद

▶▶ मुस्लिम युवक पर लगा धर्म परिवर्तन कराने का आरोप ▶▶ स्वामी यशवीर महाराज की घोषणा पर पुलिस ने आरोपी भी पकड़ा

**बुढ़ाना, 27 अक्टूबर (बु.)।** बघरा आश्रम के स्वामी यशवीर महाराज की चेतावनी के कुछ घंटों बाद ही बुढ़ाना पुलिस ने गायब हुई लगभग 20 साल की एक युवती को मध्य प्रदेश से बरामद करते हुए आरोपी को भी पकड़ लिया है। पुलिस ने युवती को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया है। 23 दिन पूर्व गायब हुई इस युवती की गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस ने 4 दिन पूर्व ही दर्ज की थी। युवती के बरामद होने से कुछ ही घंटे पहले आज इस मामले में एक नया मोड़ आया, जिसमें युवती के भाई ने एक वीडियो जारी करते हुए एक मुस्लिम युवक पर अपनी बहन का धर्म परिवर्तन कराने का खुला आरोप लगाया। पुलिस की ढिलाई के चलते पीड़ित ने स्वामी यशवीर महाराज के दरबार में अर्जी लगाई, तो पुलिस भी हरकत में आई और युवती को चंद घंटों बाद ही बरामद कर लिया।

बीते 5 अक्टूबर को बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव गढ़ी सखावतपुर से एक दलित युवती किसी अज्ञात व्यक्ति संग चली गई थी। पहले तो परिजनों ने युवती को कई दिनों तक इधर उधर तलाश किया, लेकिन जब वह नहीं मिली, तो युवती के भाई ने बीती 23 अक्टूबर को अपनी बहन को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध दर्ज कराई। पुलिस इस युवती को 05 दिनों से तलाश रही थी कि इस मामले में आज सोमवार की सुबह एक नया मोड़ आया, जिसमें युवती के भाई ने बाकायदा एक वीडियो जारी करके बताया कि उसकी बहन को तालिब नाम का एक मुस्लिम युवक बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया है। उसने उसकी बहन का धर्म परिवर्तन कराते हुए उससे निकाह भी कर लिया है। वह गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी पर रिपोर्ट लिखवाने गया, तो बुढ़ाना पुलिस ने आरोपी की नामजदगी ना करके अज्ञात में मामला दर्ज किया। पीड़ित इसी बात से हताश होकर आज बघरा जाकर स्वामी यशवीर महाराज से मिला और उन्हें पूरी घटना बताई, तो उन्होंने बुढ़ाना पुलिस को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर पुलिस ने शीघ्र ही युवती की बरामदगी, आरोपी मुस्लिम युवक और धर्म परिवर्तन कराकर निकाह पढ़ाने वाले मौलाना को जेल नहीं भेजा, तो वे शीघ्र आरोपी के घर के पास धरना देने पर मजबूर होंगे। उक्त आरोपी ने नवयुवती से एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल कराई है, जिसमें युवती आरोपी के दबाव में आकर कह रही है कि उसने मुस्लिम युवक से निकाह कर लिया है। उधर स्वामी की इस चेतावनी का पुलिस पर इतना असर हुआ कि पहले से ही युवती की तलाश में लगी पुलिस ने आज युवक युवती को जबलपुर से बरामद कर लिया। उक्त आरोपी चार बच्चों का बाप है। उधर पुलिस ने युवती को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर दिया है।

# जब गले में अटकी बिजनौर सांसद की सांस

**मुजफ्फरनगर, 28 अक्टूबर (बु.)।** सोमवार को बिजनौर लोकसभा से सांसद चंदन सिंह चौहान की सांस गले में उस समय अटक गई, जब वह मीरापुर विधानसभा क्षेत्र स्थित मोरना मिल पर पहुंचे। जहां क्षेत्रीय किसानों ने मिल के विस्तारीकरण को लेकर सांसद का घेराव करते हुए जमकर हंगामा किया, जिसके बाद सांसद जी ने प्रण लिया और कहा कि "जब तक मिल का विस्तारीकरण नहीं होगा, मैं मील में नहीं घुसूंगा" मामले की गंभीरता से सांसद के इन शब्दों ने जान डाली, तो किसान शांत हुए और फिर सांसद चंदन सिंह चौहान की सांस में सांस आई।



किसानों ने दी चेतावनी बोले, यहां के द्वार सांसद के लिए हो जाएंगे बंद

आपको बता दें कि मुजफ्फरनगर जनपद की मीरापुर और पुरकाजी दो विधानसभा सीट बिजनौर लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा हैं, जिसके चलते मीरापुर विधानसभा क्षेत्र में स्थित मोरना शुगर मिल के विस्तारीकरण को लेकर किसानों की लम्बे समय से मांग है, लेकिन किसानों का आरोप है कि हर बार चुनाव के समय नेताओं द्वारा मिल के विस्तारीकरण का आश्वासन तो दे दिया जाता है, मगर वायदा पूरा नहीं किया जाता, जिससे नाराज होकर किसानों ने जब बिजनौर सांसद चंदन सिंह चौहान मोरना मिल पर पहुंचे थे, तो उनका घेराव करते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

नाराज किसानों का कहना है कि सांसद कई बार वादा कर चुके हैं, मिल के विस्तारीकरण का, लेकिन घोषणा के बाद आज तक मिल का विस्तारीकरण नहीं हुआ है, जिससे किसानों में खासा रोष है। इस दौरान किसानों ने चेतावनी दी है कि इस बार अगर चीनी मिल का विस्तारीकरण नहीं हुआ, तो यहां के द्वार सांसद के लिए बंद हो जाएंगे। किसानों की नाराजगी के बारे में जब सांसद चंदन चौहान से बात की गई, तो उनका कहना था कि जब माला यह पहनते हैं और विजय दिलाते हैं, तो इनका विरोध सहने के लिए भी हम तैयार हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें विश्वास दिलाया है कि जल्द ही मिल के विस्तारीकरण के लिए बजट पास किया जाएगा। हंगामे के दौरान किसानों के बीच खड़े होकर सांसद चंदन चौहान ने कहा कि ये सब लोग बड़े हैं और हमारा इनसे तीन पीढ़ियों का सम्बंध है।

चौधरी चरण सिंह के परिवार से जितना मेरे याद है और जैसा कि आप लोगों ने बताया जब पहली बार मैं यहां आया था तो मेरे बड़ों ने दिखाया था कि यह मिल चौधरी साहब के समय बाबूजी ने उनसे आग्रह करके बनवाई थी। इसका विस्तारीकरण होना चाहिए। जयंत चौधरी को इस बात से हमने अवगत कराया। चौधरी साहब ने हमारी और क्षेत्र की पीड़ा को समझा। मैं इतना कह सकता हूं कि मिल में जब तक मिल में नहीं घुसूंगा, जब तक इसका विस्तारीकरण नहीं होता। उन्होंने कहा कि यह मेरी पीड़ा है, मेरी यह प्रतिज्ञा है, मुझे आपसे कोई दूर नहीं कर सकता। इस मिल के सामने से मुझे रोज गुजरना है।

> "अधाई गांव के प्रधान रविंद्र ने कहा कि सांसद जी कई मिल के विस्तारीकरण का वादा करके जा चुके हैं, लेकिन घोषणा तो होती है, पर पूरी नहीं होती। इसलिए किसानों में इतना रोष है कि अबकी बार हमारी चीनी मिल बड़ी नहीं हुई, तो सांसद जी के लिए द्वार बंद हैं। सत्ताधारी पार्टी का कोई भी हो, सबके लिए द्वार बंद हैं। किसानों ने वादा किया है कि इस मील में जब आऊंगा जब तुम्हारे मिल का 275 करोड़ का स्वीकृत हो जाएगा। जनता में इस बात को लेकर आक्रोश है अगर विस्तारीकरण नहीं हुआ तो और आक्रोश और बढ़ जाएगा और यदि होता है, तो सांसद जी की वाह वाह, सरकार की वाह वाह।"

## उत्तराखंड के चमोली में महसूस हुए भूकंप के झटके, 3.4 मापी गई तीव्रता

**देहरादून, 27 अक्टूबर (एजेंसी)।** उत्तराखंड के चमोली जिले में आज सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.4 मापी गई। भूकंप का केंद्र चमोली में ही था। सुबह लगभग 6:57 बजे आए इस भूकंप से लोगों में दहशत फैल गई, हालांकि जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। जिलाधिकारी ने गौरव कुमार ने बताया कि भूकंप का आकलन राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र द्वारा किया गया है। प्रारम्भिक रिपोर्ट के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.4 मापी गई है। यह भूकंप धरातल से लगभग पांच किलोमीटर की कम गहराई पर स्थित था, जिसके कारण स्थानीय क्षेत्र में हल्के झटके महसूस किए गए।

# निकिता शर्मा बनी एसडीएम खतौली, राहुल देव संभालेंगे अब मुख्यालय

▶▶ राजकुमार भारती एसडीएम जानसठ के रूप में करेंगे कार्य ▶▶ मंत्री अनिल कुमार की दर्ज शिकायत पर हुई थी कार्रवाई

**मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर (बु.)।** जनपद में एक बार फिर से प्रशासनिक फेरबदल किए जाने से हलचल देखने को मिली है। सोमवार को इस कड़ी में डीएम उमेश मिश्रा ने तीन एसडीएम स्तर के अधिकारियों के तबादले करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी हैं। इस फेरबदल में सबसे प्रमुख नाम पीसीएस अधिकारी निकिता शर्मा का रहा, जिन्हें इस बार खतौली तहसील का जिम्मा सौंपा गया है, इससे पूर्व उन्हें दो माह पूर्व कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार के साथ जारी विवादों के चलते सदर तहसील से हटाते हुए मुख्यालय से अटैच किया गया था। सोमवार में डीएम उमेश मिश्रा ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए जनपद के 3 उप जिलाधिकारियों के कार्य क्षेत्रों में बदलाव किया। डीएम की ओर से जारी आदेश के अनुसार, एसडीएम मुख्यालय निकिता शर्मा को अब खतौली तहसील का एसडीएम बनाते हुए चार्ज सौंपा गया है। वहीं, वर्तमान में खतौली में तैनात एसडीएम राजकुमार भारती को एसडीएम जानसठ के पद पर स्थानांतरित किया गया है। इसके अतिरिक्त, अब तक जानसठ तहसील में एसडीएम न्यायिक पद पर कार्य देख रहे पीसीएस अधिकारी राहुल देव भट्ट को मुख्यालय से अटैच कर दिया गया है। राहुल देव भट्ट अब निकिता शर्मा के स्थान पर बतौर एसडीएम मुख्यालय के रूप में जिम्मेदारी संभालेंगे।

बता दें, पीसीएस अधिकारी निकिता शर्मा, जो पूर्व में जनपद मुजफ्फरनगर में सदर तहसील की उप जिलाधिकारी थीं, उन्हें छह अगस्त को उनके एसडीएम के पद से हटा दिया गया था। यह कार्रवाई तब हुई, जब कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने प्रमुख सचिव को बाकायदा पत्र लिखकर उस वक्त एसडीएम निकिता शर्मा के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए थे। मंत्री अनिल कुमार ने अपने पत्र में लिखा



था कि एसडीएम का व्यवहार न केवल जनप्रतिनिधियों के प्रति अनुचित है, बल्कि आम जनता के प्रति भी असंवेदनशील है। साथ ही यह आरोप भी लगाया गया था कि निकिता शर्मा ने भू-माफियाओं के साथ में मिलकर अवैध प्लॉटिंग को संरक्षण दिया, जिससे जनता में भारी रोष व्याप्त है। इन आरोपों के बाद शासन ने जिलाधिकारी उमेश मिश्रा को जांच के आदेश दिए थे। जांच के उपरांत डीएम ने उन्हें एसडीएम सदर पद से हटाते हुए मुख्यालय का दायित्व सौंपा था। अब फिर करीब ढाई माह बाद फिर डीएम उमेश मिश्रा की ओर से पीसीएस अधिकारी निकिता शर्मा को उप जिलाधिकारी खतौली जैसी बड़ी तहसील की जिम्मेदारी सौंपते हुए बड़े बदलाव के संकेत दिए हैं, जिनकी राजनीतिक गलियारों में दिनभर चर्चा रही।

## साइक्लोन मोन्था का असर शुरू, केरल में 2 की मौत

**नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (एजेंसी)।** बंगाल की खाड़ी में बना साइक्लोन मोन्था तेजी से पूर्वी तट की ओर बढ़ रहा है। ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में तेज बारिश और तूफान का खतरा

**ओडिशा, आंध्र, बंगाल-तमिलनाडु में रेड अलर्ट**

बढ़ गया है। मौसम विभाग ने इन राज्यों के कई जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि चक्रवाती तूफान मोन्था की हवा की रफ्तार 90-100 किमी प्रति घंटे होगी। इसकी रफ्तार 110 किमी प्रति घंटे तक जा सकती है। 28 से 31 अक्टूबर के बीच पश्चिम बंगाल के कई जिलों में भारी बारिश की आशंका जताई गई है।

## श्रेयर अय्यर के अस्पताल में आईसीयू में भर्ती

**सिडनी, 27 अक्तूबर (एजेंसी)।** भारतीय वनडे टीम के उप-कप्तान श्रेयस अय्यर को सिडनी के एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। वह अभी इंटेंसिव केयर यूनिट में हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे मैच के दौरान पसलियों में चोट लगने की वजह से इंटरनल ब्लीडिंग हो रही है। अय्यर ने तीसरे वनडे में शनिवार (25 अक्टूबर) को बैकवर्ड पॉइंट से पीछे की ओर दौड़ते हुए एलेक्स कैरी का शानदार कैच लिया था। इस दौरान उनकी बाई पसली में चोट लग गई। इसके बाद वह ड्रेसिंग रूम में लौटे और उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। श्रेयस पिछले कुछ दिनों से आईसीयू में हैं। रिपोर्ट आने के बाद इंटरनल ब्लीडिंग का पता चला और उन्हें तुरंत भर्ती करना पड़ा। रिकवरी के आधार पर उन्हें दो से सात दिनों तक ऑब्जर्वेशन में रखा जाएगा, क्योंकि ब्लीडिंग से इन्फेक्शन को फैलने से रोकना जरूरी था।



# देश के 53वें चीफ जस्टिस बनेंगे जस्टिस सूर्यकांत, सीजेआई बीआर गवई ने नाम की सिफारिश की

**नई दिल्ली, 27 अक्तूबर (एजेंसी)।** सीनियर जज जस्टिस सूर्यकांत देश के 53वें चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया हो सकते हैं। मौजूदा चीफ जस्टिस भूषण आर गवई ने सोमवार को केंद्र सरकार को इनके नाम की सिफारिश की। इसके साथ सीजेआई नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है। परंपरा है कि मौजूदा सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश तभी करते हैं, जब उन्हें कानून मंत्रालय से ऐसा करने को कहा जाता है। मौजूदा सीजेआई गवई का कार्यकाल 23 नवंबर को खत्म हो रहा है। उनके बाद जस्टिस सूर्यकांत 24 नवंबर को सीजेआई के तौर पर शपथ लेंगे। वे 9 फरवरी 2027 को रिटायर होंगे। उनका कार्यकाल लगभग 14 महीने का होगा। सुप्रीम कोर्ट के जज 65 साल की उम्र में रिटायर होते हैं। जस्टिस सूर्यकांत इंडियन ज्यूडीशियरी की टॉप पोस्ट पर पहुंचने वाले हरियाणा से पहले शख्स होंगे। उनके नाम की सिफारिश करते हुए सीजेआई गवई ने कहा कि जस्टिस सूर्यकांत सुप्रीम कोर्ट की कमान संभालने के लिए उपयुक्त और सक्षम हैं। जस्टिस सूर्यकांत की हरियाणा की यात्रा हिसार के एक गुमनाम से गांव पेटवाड़ से शुरू हुई। वे सत्ता के गलियारों से जुड़े विशेषाधिकारों से दूर पले-बढ़े। उनके पिता एक शिक्षक थे। 8वीं तक उन्होंने गांव के स्कूल में ही पढ़ाई की, जहां बैठने के लिए बेंच नहीं थी। दूसरे गांव वालों की तरह जस्टिस सूर्यकांत ने अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए खाली समय में खेतों में काम किया। पहली बार शहर तब देखा जब वे 10वीं की बोर्ड परीक्षा देने हिसार के एक छोटे से कस्बे हांसी गए थे।



# लखनऊ में पूर्व डीजीपी के घर बड़ी चोरी, एक करोड़ से ज्यादा के गहने और नकदी उड़ाए

**लखनऊ, 27 अक्तूबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज थाना क्षेत्र में कर्नाटक के पूर्व डीजीपी महेंद्र कुमार श्रीवास्तव के घर में एक करोड़ रुपए से अधिक की चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संबंध में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, कर्नाटक के पूर्व डीजीपी महेंद्र कुमार श्रीवास्तव के अलीगंज सेक्टर-जी स्थित मकान में उनके रिश्तेदार नितिन कुमार श्रीवास्तव और पत्नी ऋषिका राज रहते हैं। ऋषिका राज ने चोरी की शिकायत अलीगंज थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर 26 अक्टूबर को मामला दर्ज किया। शिकायत में ऋषिका राज ने बताया कि उनके पति नितिन कुमार श्रीवास्तव सलाला (ओमान) में कार्यरत हैं। परिवार 16 अक्टूबर को सलाला गया था और घर की देखरेख की जिम्मेदारी पुराने नौकर आकाश रावत को दी गई थी। ऋषिका के अनुसार, दीपावली के अवसर पर 20 अक्टूबर को आकाश ने घर पर पूजा की और अगले दिन (21 अक्टूबर) अपने गांव चला गया था। 26 अक्टूबर की सुबह जब वह मकान से मोटरसाइकिल लेने पहुंचा तो उसने देखा कि घर के कई दरवाजों के ताले टूटे पड़े हैं और अंदर का सामान बिखरा हुआ है। उसने तुरंत ऋषिका के रिश्तेदारों और दोस्तों को इसकी जानकारी दी। शिकायत पत्र में बताया गया कि नौकर से जानकारी मिलने के बाद ऋषिका रविवार को घर पर लौट आई और पाया कि घर पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। अलमारी टूटी हुई थी और उसमें रखे सोने व हीरे के जेवरात और लगभग 2.25 लाख रुपए चोरी हो चुके थे। चोरी हुए गहनों में आठ सोने के कंगन, 11 चेन, चार कड़े, दो लॉकेट, पांच बड़े सेट, दो हीरे के छोटे सेट, एक हीरे का बड़ा सेट, दो सोने के बाजूबंद, 24 छोटे-बड़े झुमके और लगभग 40 ग्राम के सोने के सिक्के थे। चोर घर से सीसीटीवी का डीवीआर, एयरटेल एक्सट्रीम टीवी बॉक्स और अन्य कीमती सामान भी लेकर फरार हो गए।

# फायरिंग की रील पर एफआईआर, लाइसेंस रद्द, बन्दूक जब्त, दो सगे भाई किये गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 28 अक्टूबर (बु.)।** दो सगे भाइयों को लाइसेंसी बंदूक से फायरिंग कर रील बनाना उस समय भारी पड़ गया। जब इस रील के वायरल होने पर पुलिस भी हरकत में आई और आनन-फानन में पुलिस ने इस मामले में दोनों भाइयों के विरुद्ध धारा-125 बीएनएस और आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। दरसअल नगर कोतवाली क्षेत्र निवासी दो सगे भाई हेमंत और देव चौधरी ने अपने पिता की लाइसेंसी बंदूक से फायरिंग कर रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल की थी, लेकिन उन्हें क्या पता था। उनकी यह करतूत उन्हें सलाखों के पीछे ले जा सकती है। फायरिंग की इस रील के वायरल होने के बाद पुलिस भी हरकत में आई और तुरंत पुलिस ने दोनों भाईयों के विरुद्ध धारा-125 बीएनएस और आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। बहरहाल अब इस मामले में पुलिस लाइसेंसी बंदूक जब्त कर लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई करने में भी जुट गई है। जिसकी जानकारी देते हुए सीओ सिटी सिद्धार्थ के मिश्रा ने बताया कि 26 अक्टूबर को पुलिस के संज्ञान में यह वीडियो





आया, जिसमें दो लड़के एक राइफल से फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। पुलिस द्वारा तुरंत संज्ञान लिया गया। कोतवाली नगर पुलिस द्वारा इन लड़कों को ढूंढा गया। 125 बीएनएस और आर्म्स एक्ट की धाराओं मे और लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए रिपोर्ट भेजी जा चुकी है।

## ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर (बु.)।** सोमवार को थाना प्रभारी सिविल लाइन आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि सुनील कुमार उर्फ सोनू ने थाने पर आकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका परिवार घर पर मौजूद नहीं था, जिसका फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवरात चोरी कर लिये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने मात्र 12 घंटे के भीतर मुखबिर की सूचना पर पचैंडा फ्लाई ओवर के नीचे से चोर अनिकेतपाल निवासी जसवंतपुरी व हर्ष शर्मा निवासी गाजावाली पुलिया को गिरफ्तार कर लिया। इतना ही नहीं पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर चोरों ने मकान से चोरी मोबाइल, 2800 रुपए, सोने व चांदी के जेवरात बरामद कर लिए हैं। गिरफ्तार चोर अनिकेत पीड़ित का पड़ौसी है, जिसे जानकारी थी कि मकान में कोई नहीं है और ताला लगा हुआ है। उसने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया।

# 65 लाख रुपये की ठगी के मामले में फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर (बु.)।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ट्रेडिंग के नाम पर 65 लाख रुपये की ठगी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी ने बैंक खाते से डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक का लेन-देन किया है। साइबर क्राइम थाना पुलिस को आरोपी के खिलाफ 36 शिकायतें मिली हैं। साइबर क्राइम थाना प्रभारी सुल्तान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पूजा शर्मा ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया था कि उसे टेलीग्राम ग्रुप पर जोड़कर ट्रेडिंग कराने के नाम पर 65 लाख रुपए की ठगी की गयी। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने आरोपी अजहरउल्ला निवासी मोहल्ला गुलाबगंग, थाना कैंड, जनपद गुणा (मध्यप्रदेश) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पुलिस ने एक मोबाइल बरामद किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने ठगी में जिस बैंक खाते का प्रयोग किया था, उस बैंक खाते से 1 करोड़ 68 लाख रुपए का लेनदेन किया गया है। आरोपी के खिलाफ एनसीआरपी व साइबर पोर्टल पर 36 शिकायतें दर्ज हैं। सभी शिकायतों में आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अभी तक 11 करोड़ 21 लाख रुपए की ठगी है। पुलिस पकड़े गए आरोपी के साथियों की जानकारी कर रही है। वहीं उससे बरामद मोबाइल का सीडीआर भी खंगाला जा रहा है।




## कार ठीक कराने के बहाने मिस्त्री से लूटे 6 हजार रुपये

**बुढ़ाना, 27 अक्टूबर (बु.)।** बुढ़ाना कोतवाली के गांव जौला का निवासी अब्दुल सलाम कारों का मैकेनिक है। वह लुहसाना गांव में दुकान करता है। उसके पास उसके ही गांव का कासिफ नाम का एक युवक आया, जिसने उसको बताया कि मेरी मोसी के लड़के की कार खराब हो गयी है। उसे ठीक करनी है। कार इतनी खराब है कि वह यहां नहीं आ सकती। कार बुढ़ाना में चांदनी वाले मंदिर के पास खड़ी है। वो जो पैसे लेगा ले लेगा, तब अब्दुल गांव के उक्त युवक पर भरोसा करके उसके साथ चांदनी वाला मंदिर पर आ गया, जहां पर कोई कार नहीं दिखी, तो युवक बोला कि शायद कार शुगर मिल के पास खड़ी है। उसको वहीं पर चलना पड़ेगा, तब वह उसके साथ शुगर मिल के पास जंगलों में आ गया, तो युवक उसको ईख के पास ले गया, जहां पर पहले से ही योजना बनाएं बैठे तीन नकाबपोश बदमाशों ने अब्दुल को घेर लिया। पहले तो उसकी पिटाई की और फिर उसकी जेब में मौजूद 6 हजार रुपये की नगदी निकालकर भाग गये, तब पीड़ित अब्दुल जैसे तैसे करके बुढ़ाना आया और पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने उक्त पीड़ित से तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## रूस में दुनिया की पहली न्यूक्लियर पावर्ड मिसाइल का परीक्षण किया

**मास्को, 27 अक्तूबर (एजेंसी)।** रूस ने दुनिया की पहली न्यूक्लियर पावर्ड यानी परमाणु ऊर्जा से चलने वाली क्रूज मिसाइल बुरेवस्तनिक-9एम739 का सफल परीक्षण किया है। दावा किया जा रहा है कि यह मिसाइल अनलिमिटेड रेंज वाली है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि इसके सभी टेस्ट पूरे हो चुके हैं। ऐसी मिसाइल दुनिया के किसी भी देश के पास नहीं है। पहले कई एक्सपर्ट यकीन नहीं करते थे कि ऐसा हथियार भी बन सकता है, लेकिन यह हकीकत बन चुका है। कोई भी डिफेंस सिस्टम इसको नहीं रोक सकता। रूसी सेना के प्रमुख वैलेरी गेरेसिमोव ने बताया कि मिसाइल का सफल टेस्ट 21 अक्टूबर को किया गया। इस टेस्ट में बुरेवस्तनिक ने करीब 15 घंटे तक उड़ान भरी। इस दौरान मिसाइल ने 14 हजार किलोमीटर की दूरी तय की। गेरेसिमोव ने यह भी बताया कि यह मिसाइल की अधिकतम रेंज नहीं है।

## खतौली के पास गंगनहर में शव मिलने से सनसनी

**खतौली, 27 अक्तूबर (बु.)।** गांव फुलत मार्ग स्थित गंगनहर खलासी में एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह फुलत मार्ग पर स्थित गंगनहर खलासी में एक व्यक्ति का शव पड़ा दिखाई दिया। शव को देखकर लोगों की मौके पर भीड़ जमा हो गयी। नागरिकों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पानी से बाहर निकलवाया गया। मौके पर मौजूद भैंसी पुलिस चौकी प्रभारी नरेन्द्र किशोर शर्मा द्वारा शव की शिनाख्त किये जाने का प्रयास किया गया। पुलिस द्वारा पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया। पुलिस के अनुसार शव कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। कोतवाली पुलिस मृतक के शव की पहचान कराने के लिए प्रयासरत है।

# मुरादाबाद के रेस्टोरेंट में 5 सिलेंडर फटे, महिला की मौत, 10 झुलसे

**मुरादाबाद, 27 अक्तूबर (एजेंसी)।** मुरादाबाद में तीन मंजिला रेस्टोरेंट में अचानक आग लग गई। इसके बाद एक-एक करके 5 गैस सिलेंडर फट गए। हादसे में 10 से अधिक लोग झुलस गए। रेस्टोरेंट मालिक की मां माया श्रीवास्तव की मौत हो गई। कुछ ही मिनटों में आग ने पूरे रेस्टोरेंट को चपेट में ले लिया। लपटों के बीच 16 लोग फंस गए। सीढ़ियों पर धुआं भरने से कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। इसके बाद लोगों ने आनन-फानन में रेस्टोरेंट की खिड़कियां तोड़ दीं। एक व्यक्ति पहली मंजिल से कूद गया। इसी दौरान फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। बाकियों को सीढ़ियों के सहारे रेस्क्यू किया गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद 2 घंटे में आग पर काबू पाया। इसके बाद झुलसे लोगों को अस्पताल भेजा गया। पुलिस का कहना है कि रेस्टोरेंट के बगल में शादी हो रही थी। रात करीब 10 बजे द्वारचार के दौरान आतिशबाजी हो रही थी, तभी एक पटाखा रेस्टोरेंट में जा गिरा। इससे रेस्टोरेंट में आग लग गई। हादसा रविवार रात 10 बजे रामपुर रोड के कटघर क्षेत्र में हुआ। रेस्टोरेंट मालिक का नाम प्रदीप श्रीवास्तव है। उनकी प्रेम वंडर लैंड पुल के पास तीन मंजिला बिल्डिंग है। दो मंजिलों पर वे 'परी' नाम से रेस्टोरेंट चलाते हैं, जबकि बिल्डिंग के तीसरे फ्लोर पर उनका परिवार रहता है। रेस्टोरेंट के एक कर्मचारी ने बताया- रविवार रात करीब 10 बजे रेस्टोरेंट में हम लोग खाना बना रहे थे। तीसरी मंजिल पर रेस्टोरेंट मालिक का परिवार था। पास में एक शादी चल रही थी। द्वारचार के वक्त आतिशबाजी हो रही थी, तभी एक पटाखा रेस्टोरेंट में आकर गिरा। जब तक हम लोग कुछ समझ पाते, रेस्टोरेंट में आग लग गई। इसके बाद सिलेंडर फटने लगे। कुछ ही मिनट में आग पूरे रेस्टोरेंट में फैल गई। हमने सीढ़ियों से भागने की कोशिश की, लेकिन सीढ़ियों पर धुआं भर गया। हम लोगों का दम घुटने लगा। इसके बाद हमने खिड़कियां तोड़ीं और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। थोड़ी देर बाद पुलिस और दमकलकर्मी पहुंचे और हम लोगों को बाहर निकाला।

## मांस के टुकड़ों को चाऊमीन बता रोडवेज बस में रखा, दुर्गंध से बेहाल हुए यात्री

**मेरठ, 27 अक्टूबर(एजेंसी)।** मांस के टुकड़ों को चाऊमीन बता रोडवेज बस में रखे बोरों में दुर्गंध से यात्रियों का बैठना हो गया मुश्किल... खूब हुआ हंगामा व जांच-पड़ताल दौराला (मेरठ)। एक युवक ने भैंसाली अड्डे पर रोडवेज बस में प्लास्टिक के दो बोरे रखवा दिए। चालक ने पूछा तो उसने कहा, बोरों में चाऊमीन है। बेगमपुल पर कुछ युवकों ने बोरों से दुर्गंध आने की बात कही। परिचालक ने चाऊमीन बताकर उन्हें शांत करा दिया। सिवाया टोल प्लाजा पर यात्रियों ने यह कहकर कि दुर्गंध के कारण बैठना मुश्किल हो रहा है... हंगामा कर दिया। चालक ने बस रोककर बोरों को नीचे फेंकवाकर खुलवाया तो उनमें मांस निकला। चालक सतपाल और परिचालक अमित ठाकुर रविवार दोपहर भैंसाली डिपो की बस लेकर मुजफ्फरनगर के लिए रवाना हुए। बस में 60 से 70 यात्री सवार थे। बस की सीट के नीचे प्लास्टिक के दो बोरे रखे हुए थे। कुछ देर बाद ही दुर्गंध के कारण यात्रियों ने हंगामा कर दिया। इस पर चालक ने सिवाया टोल प्लाजा पर बस रोक दी। बोरे बाहर गिराकर खोले तो उनमें मांस निकला। इसके बाद यात्रियों ने रोडवेज के हेल्पलाइन नंबर और पुलिस को मामले की सूचना दी। दौराला पुलिस मौके पर पहुंची और पशु चिकित्सक को भी बुला लिया। पशु चिकित्सक ने मांस के सैंपल लिए। रोडवेज के टीआई टीटू सिंह भी वहां पहुंच गए और यात्रियों से बात की। टीटू सिंह ने बताया कि बस में मांस ले जाना प्रतिबंधित है, मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया है। चालक व परिचालक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। परिचालक ने बताया कि एक सवारी ने मांस मुर्गे का होने की बात कहते हुए खतौली के एक होटल पर उतारने की बात कही थी। वहीं, थाने पहुंचे एक व्यक्ति ने मांस मुर्गे का बताते हुए खरीदारी का बिल दिखाया। टीआइ और पुलिस ने यात्रियों को दूसरी बस से मुजफ्फरनगर के लिए रवाना किया। दौराला इंस्पेक्टर सुमन कुमार सिंह का कहना है कि पशु चिकित्सक ने बरामद मांस के सैंपल लिए हैं।

# 12 राज्यों में होगा एसआईआर, उत्तर प्रदेश का नाम भी शामिल

**नई दिल्ली, 27 अक्तूबर (एजेंसी)।** बिहार के बाद देश के 12 राज्यों और यूटी में वोटर लिस्ट अपडेट होगी। चुनाव आयोग ने सोमवार को बताया कि इन राज्यों में वोटर लिस्ट का स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर कल यानी 28 अक्टूबर से शुरू हो जाएगा। इस प्रोसेस में वोटर लिस्ट का अपडेशन होगा। नए वोटरों के नाम जोड़े जाएंगे और वोटर लिस्ट में सामने आने वाली गलतियों को सुधारा जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को बताया कि आज रात से ही इन 12 राज्यों और यूटी की वोटर लिस्ट फ्रीज हो जाएगी। आपको बता दें कि एसआईआर अंडमान निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल में होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि देश में 21 साल पहले आखिरी विशेष गहन पुनरीक्षण किया गया था। उन्होंने बताया कि एसआईआर में सभी योग्य मतदाताओं को जोड़ा जाएगा और अयोग्य मतदाताओं को वोटर लिस्ट से बाहर किया जाएगा। सीईसी ने आगे कहा कि चुनावों से पहले एसआईआर किया जाना सबसे ज्यादा जरूरी है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि नतीजा सबके सामने है। बिहार में एसआईआर कामयाब रहा। दूसरे फेज में 12 राज्यों और यूटी की वोटर लिस्ट अपडेट करेंगे।

## ला इलाहा इल्लल्लाह पढ़-कह अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सटी में हुई हिंदू छात्र की बेरहमी से पिटाई

**अलीगढ़ , 27 अक्टूबर (एजेंसी)।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सटी में हिंदू छात्र की बेरहमी से पिटाई की गई है। करीब 6 गैर मुस्लिम छात्रों पर पिटाई का आरोप लगा है। पीड़ित छात्र को हमलावरों ने कलमा पढ़ने का दबाव भी बनाया। मामले में एएमयू प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) में एक हिंदू छात्र प्रशांत राठी पर देर शाम एएमयू कैंपस के अंदर हमला कर दिया। उस पर लात घूंसे बरसाए, पिस्टल की बट से मारा। यही नहीं कलमा पढ़ने का भी दबाव बनाया। यह घटना अल्लामा इकबाल हॉल के पास (मिंटो सर्किल क्षेत्र) की है। प्रशांत सिविल लाइन क्षेत्र के पुरानी चुंगी का रहने वाला है। वो एएमयू के राजा महल 11वीं कक्षा का छात्र है। जानकारी के मुताबिक, कुल 5-6 छात्रों ने प्रशांत पर हमला किया। हमलावरों में मुख्य रूप से अरमान (मिंटो सर्किल का छात्र), सैफुल्लाह, दानिश आदि शामिल बताए जा रहे हैं। ये एएमयू के अन्य विभागों के छात्र हैं। प्रशांत अपने मित्र उजैफा से मिलने अल्लामा इकबाल हॉल गया था। अचानक हमलावरों ने उसे घेर लिया। अरमान के हाथ में पिस्टल (बटल या रिवॉल्वर) थी, जिसकी बट से उसके सिर पर हमला किया गया। अन्य हमलावरों ने मुक्कों और लातों से पीटा।

# शोरूम में आग लगी, लाखों का नुकसान

**जानसठ, 27 अक्टूबर (बु.)।** व्यापारी नेता के कपड़ों के शोरूम में रविवार की रात्रि को अचानक हुए बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने लोगों की मदद से बामुश्किल आग को बुझाया, लेकिन तब तक शोरूम में रखे कपड़े और फर्नीचर जलकर राख हो चुका था। कस्बे के मौहल्ला हुसैनपुरा में स्थित मार्केट में पश्चिमी उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अजीत सिंह छाबड़ा का मकान है। मकान में ही उन्होंने दुपट्टे और कटपीस के कपड़ों का छाबड़ा क्लॉथ हाउस के नाम से छोटा शोरूम बना रखा है। रविवार की रात में गौतम सिंह छाबड़ा शोरूम के ऊपर बने मकान में अपने बच्चों के साथ सोया हुआ था। पुलिस के मुताबिक देर रात्रि में बिजली के शॉर्ट सर्किट होने से शोरूम में आग लग गई। गौतम सिंह छाबड़ा ने धुआं उठते हुए देखा, तो वह पड़ोसी की छत से नीचे उतर कर सड़क पर आया। देखा कि उसके शोरूम में आग लग रही है। उसने शोर मचा दिया। शोर की आवाज सुनकर मौहल्ले के लोग जाग गए। मौहल्ले के लोग भी मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फोन करके फायर ब्रिगेड की गाड़ी को बुलवाया। दमकल कर्मियों ने लोगों की मदद से बामुश्किल आग को बुझाया, तब तक शोरूम में रखे कपड़े और फर्नीचर जलकर राख हो चुका था। व्यापारी नेता के पुत्र गौतम सिंह छाबड़ा के मुताबिक शोरूम में आग लगने से पचास लाख रुपयों से अधिक का नुकसान हुआ है।



**शेष समाचार : मांगेराम त्यागी...**

प्लाजा पर लगे अयोग्य व बिना पुलिस वेरिफिकेशन के कर्मचारी रखने पड़ेंगे। इन लोगों द्वारा टोल प्लाजा वसूली करीब 16 घंटे तक नहीं होने दी जिसमे करीब 15 लाख की राजस्व हानि हुई व सरकारी कार्य बाधित किया गया। पूर्व प्रमुख का कहना है कि उन्हें कहा गया कि टोल चलाना है तो प्रति माह 1 लाख रुपए रंगदारी देनी होगी, तभी टोल वसूली शुरू करने दी जायेगी। मलिक ने कहा कि उक्त व्यक्तियों से टोल प्लाजा कर्मचारियों व उन्हें जान-माल का खतरा बताते हुए सुरक्षा की मांग पुलिस से की है।

# पुलिस ने बसपा नेता का बेटा गिरफ्तार, युवती को ब्लैकमेल कर 3 साल तक करता रहा यौन शोषण

**चरथावल, 27 अक्टूबर (बु.)।** थाना क्षेत्र में बसपा नेता के बेटे फरदीन को पुलिस ने एक युवती का तीन साल तक ब्लैकमेल कर यौन शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चरथावल क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने चरथावल थाने में फरदीन के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था।

पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने किसी तरह उसके कुछ निजी फोटो हासिल कर लिए थे। इन्हीं तस्वीरों को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर वह पिछले तीन साल से उसका लगातार शोषण कर रहा था। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने विरोध किया, तो फरदीन कई बार उसके घर में जबरन घुस आया और धमकाकर दुष्कर्म किया। आरोपी अक्सर उसे धमकाता था कि अगर उसने किसी को बताया तो उसकी तस्वीरें वायरल कर बदनाम कर देगा और उसके परिवार को नुकसान पहुंचाएगा। भय के चलते युवती ने लंबे समय तक यह बात किसी को नहीं बताई, लेकिन जब उत्पीड़न की हद पार हो गई, तो उसने हिम्मत जुटाकर अपने परिजनों को पूरी आपबीती सुनाई। परिजनों ने तत्काल थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी फरदीन के खिलाफ गम्भीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर लिया। चरथावल थाना प्रभारी सत्यनारायण दहिया के नेतृत्व में उपनिरीक्षक परवेन्द्र सिंह ने हेड कांस्टेबल अजीत सिंह व सोनू सिरोही के साथ मिलकर आरोपी फरदीन पुत्र आबाद त्यागी निवासी मौहल्ला इब्राहीम पट्टी ग्राम कुटेसरा थाना चरथावल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया।



# हैदराबाद से नोएडा तक ठिकाने बदलता रहा जाबिर, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चरथावल, 27 अक्टूबर (बु.)।** पुलिस ने 52 दिनों से लापता महिला और उसके साथ फरार युवक जाबिर पुत्र शकील को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि जाबिर कश्यप समाज की चार बच्चों की मां रितु को बहला-फुसलाकर अपहरण कर अपने साथ ले गया था। इस घटना के बाद गांव मथुरा में ग्रामीणों में रोष फैल गया था। मामला इतना गंभीर हुआ कि योग साधना आश्रम के महंत स्वामी यशवीर महाराज के नेतृत्व में आरोपी पक्ष के घर के बाहर हिंदू पंचायत भी की गई थी, जिसके बाद प्रशासन के हस्तक्षेप से पंचायत को शांत कराया गया। उस समय प्रशासन ने यह आश्वासन दिया था कि एक सप्ताह के भीतर महिला को बरामद कर लिया जाएगा। हालांकि पुलिस लगातार छानबीन करती रही, लेकिन कई हफ्तों तक जाबिर और महिला दोनों का कोई सुराग नहीं लग पाया। सोमवार को चरथावल थाना प्रभारी सत्यनारायण दहिया को मुखबिर से सूचना मिली कि दोनों दधेडु पुल के नीचे छिपे हुए हैं। और कहीं जाने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी और दोनों को गिरफ्तार कर लिया। चरथावल थाना प्रभारी सत्यनारायण दाहिया ने बताया कि आरोपी जाबिर पिछले कई दिनों से अपने ठिकाने बदलता रहा कभी हैदराबाद, कभी दिल्ली तो कभी नोएडा में रहकर मजदूरी करता था। पुलिस को जैसे ही उसके भागने की सूचना मिली, तुरंत कार्रवाई कर उसे दबोच लिया गया। वहीं, महिला के बयान दर्ज कर लिए गए हैं और पुलिस ने